हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 2 मई 2025


तापमान

अधिकतम 38.6 डिग्री

न्यूनतम 23.4 डिग्री



12 युक्तियुक्तकरण के खिलाफ छात्र संगठनों ने फूंका पुतला



13 शासकीय जमीन में काबिज अतिक्रमण को ढहाया



## खबर संक्षेप

### प्राणघातक हमला करने वाले दो युवक गिरफ्तार





**भिलाई।** बदमाश राहुल सिंह पर प्राण घातक हमला करने के मामले में पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109 (1), 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दजर्द किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि लक्ष्मी नगर सुपेला के पास साजिश के तहत रोहित तिवारी और राजा पिल्ले नामक युवकों ने राहुल को जान से मारने की नियत से बकरा काटने वाले चापड़ से प्राण घातक हमला कर फरार हो गए। गंभीर अवस्था में राहुल को अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल कराया गया। जिसकी हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है। पुलिस की शिकायत पर आरोपी युवकों की तलाश में जुटी रही। सुपेला पुलिस ने शंकर चौक निवासी रोहित तिवारी एवं भीम नगर सूरज साहनी को गिरफ्तार किया गया है।

### गांजा तस्करी करने वाले दो पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले दो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। मुखबिर की सूचना पर नवकार परिसर पुलगांव नाला के पास शिव मंदिर दुर्ग में एक वृद्ध गांजा बेच रहा था। पुलिस घेराबंदी कर गांजा बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर वृद्धो ने अपना नाम नवकार परिसर पुलगांव नाला के पास दुर्ग निवासी राजकुमार यादव और शंकरपुर वार्ड चिखली राजनांदगांव लोमन सिंह नावेलकर बताया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 420 ग्राम गांजा जब्त किया। गांजा बेचने के नगदी रकम समेत 48 हजार 480 रूपये जब्त किया गया।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** बाइक चोरी करने वाले दो युवको को पुलिस ने पकड़ा है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 303 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि केलाबाडी निवासी रामकुमार सोनकर की जिला न्यायालय के सामने से एक्टिवा सीजी 07 एएस 8120, राजीव नगर दुर्ग तपन यादव की बाइक सीजी 07 एलएल 8574 को अज्ञात ने पार कर दिया था। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी रही। सूचना पर वार्ड 46 पद्मनाभपुर निवासी राजीव साहू, ग्राम सर्राकांपा, गण्डई नसीब कुरैशी को घेराबंदी कर पकड़ा गया।




### 100 साल पुराना नीम का पेड़ उखड़ा



# ऐसी आफत पहले नहीं देखी...

## अंधड़ और तेज बारिश ने रोकी ट्रेन की रफ्तार बिजली गिरने से खराब ट्रांसफार्मरों में लगी आग

*हरिभूमि न्यूज :भिलाई। गुरुवार की शाम करीब 4.15 बजे अचानक मौसम बदला। आधे घंटे अंधड़ व तूफान का ऐसा कहर दिखा कि ट्विनसिटी में तीन दर्जन पेड़ धराशायी हो गए। पेड़ों की डालियों टूट कर बिजली तारों पर गिरी और इससे बेमेतरा, दुर्ग, भिलाई से लेकर जिले की बिजली सप्लाई फेल हो गई है। बिजली सप्लाई पूरे क्षेत्रों में कब सामान्य होगी इसे अधिकारी भी नहीं बता पा रहे।कोरबा से लाइन भी कट गई है। हवा की गति इतनी तेज थी कि जमीन की धूल आसमान पर छा गई। सड़कों पर यह हाल था कि धूल की वजह से सड़कें दिख नहीं पा रही थी। भिलाई-दुर्ग में जगह-जगह पेड़ गिर गए हैं। कई पेड़ जड़ से ही उखड़ गए तो कहीं डालियां टूट कर सड़क पर आ गिरी। जिसकी वजह से लोगों का आवागमन प्रभवित हो गया। मरोदा, नेवई क्षेत्र में बारिश के साथ ओले भी गिरने लगे। वाहन पार्किंग स्थलों के ज्यादातर वाहन तेज हवा से गिर गए हैं। 3 घंटे तक यात्री ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहा। टाउनशिप की बिजली देररात 10:30 बजे तक गुल रही। लोग परेशान होते रहे।*

### दुर्ग, बेमेतरा व रायपुर जिले तक बिजली कनेक्टिविटी फेल



अंधड़ से सबसे ज्यादा पेड़ों की डालियां टूटकर बिजली तारों पर गिरी है। जिसकी वजह से दुर्ग, बेमेतरा और रायपुर जिले तक की बिजली कनेक्टिविटी फेल हो गई है। दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण, भिलाई, पाटन, बेमेतरा से लेकर रायपुर तक बिजली व्यवस्था तहस-नहस हो गई। विद्युत विभाग इस कनेक्टिविटी को दूसरे से जोड़कर धीरे-धीरे चालू कर रही है। पूरे क्षेत्र में बिजली शुक्रवार को ही बहाल हो सकती है।

### सेक्टर 6 एवेन्यू रोड सहित दो दर्जन पेड़ गिरे



सेक्टर 6 एवेन्यू रोड में तीन पेड़ सड़क पर आ गिरे। जिसकी वजह से एक साइड सेक्टर 6 चौक से दाई ओर का आवागमन प्रभावित हुआ। यहां से फोर व्हीलरों का आवागमन बंद हो गया। दुपहियां वाहन चालकों ने पेड़ की डालियों को तोड़कर आवागमन के लिए थोड़ा सा रास्ता जरूर बनाया और आना जाना करने लगे लेकिन उन्हे भी परेशानी उठानी पड़ी। अकेले भिलाई क्षेत्र में 15 से ज्यादा स्थानों पर पेड़ या फिर उनकी डालियां टूट गई हैं। दुर्ग में भी दर्जनभर स्थानों पर पेड़ों के टूटने की खबर है। नया बस स्टैंड दुर्ग में कार के नीचे पेड़ गिर गया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अंधड़ से पेड़ टूटकर गिरे हैं।

### कथा पंडाल सहित बैनर- फ्लैक्स उड़े



अंधड़ का ऐसा कहर दिखा कि कथा पंडाल, बैनर , पोस्टर और फ्लैक्सों को काफी नुकसान पहुंचा। उमरपोटी में चल रहे कृपालु महाराज की शिष्या श्रीश्वरी देवी का कथा स्थल अंधड़ की वजह से क्षतिग्रस्त्र हो गया। जिसकी वजह से गुरुवार शाम की कथा कैंसिल करनी पड़ी। टाउनशिप एरिया में सड़क किनारे लगे फ्लैक्स फट गए हैं। दुर्ग में भी यही स्थिति जगह-जगह देखने मिली।

### आग बुझाने 2 घंटे से ज्यादा की मशक्कत



बारिश के चलते भिलाई तीन स्थित बिजली कंपनी के सब स्टेशन के कबाड़ खाने में रिजेक्ट ट्रांसफार्मर में आग लगने से अपरा तफरी मच गई।घटना की जानकारी लगने पर फायर ब्रिगेड की टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया मिली जानकारी के मुताबिक डबरा पारा ब्रिज के नीचे बिजली कंपनी का स्टोर है जहां फेल ट्रांसफार्मर, रिजेक्ट मीटरों को कबाड़ के रुप में रखा जाता है। लेकिन जिसका देख रेख कंपनी द्वारा बेहतर ढंग से नहीं रखा गया है। अक्सर यहां पर आगजनी की घटना हर साल होती है। जिसके कारण कंपनी को हमेशा लाखों रुपए का नुकसान होता आया है। गुरुवार को भी इसी तरह का हादसा स्टोर के कबाड़ खाने आगजनी की घटना हुई। आगजनी बारिश के चलते बिजली गिरने से होना बताया गया है। शाम 6.26 मिनट पर बिजली रिजेक्ट ट्रांसफार्मर पर गिरा इससे आसपास में आग लग गई।आग से काम कर रहे ठेका श्रमिक तुरंत सूचना विभाग के अधिकारियों को दिया।

### 3 मई तक ऐसा ही रहेगा मौसम

लालपुर मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा बताते हैं कि शुक्रवार को एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने, वज्रपात होने तथा ओलावृष्टि होने की संभावना है। यही स्थिति 3 मई को भी रहने की संभावना है। उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से उत्तर केरल तक 1.5 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। शुक्रवार से पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव पड़ने की सम्भावना है । जिसके कारण बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आने की सम्भावना है ।

### बिजली की सप्लाई बनाने की कोशिश की जा रही

अंधड़ व तूफान इतनी तेज थी कि बिजली तारों पर पेड़ों की टहनियां टूटकर गिर गई। जिसकी वजह से जगह- जगह बिजली व्यवस्था बाधित रही। दुर्ग भिलाई, बेमेतरा से रायपुर तक की कनेक्टिविटी फेल हो गई है। जैसे जैसे फाल्ट सुधारा जा रहा है वैसे वैसे लाइट भी उन क्षेत्रों में शुरू कर पा रहे हैं। बारिश की वजह से बिजली तारों को बहुत अधिक नुकसान पहुंचा है। 2 मई को इस बारे में ज्यादा जानकारी मिल पाएगी।

**-जे. जगन्नाथ प्रसाद,** एसई विद्युत वितरण कंपनी

### 100 साल पुराना नीम का पेड़ गाड़ी पर गिरा



**दुर्ग।** में आंधी-तूफान के कहर के कारण नया बस स्टैंड के पास 100 साल पुराना नीम का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कई राहगीर बाल-बाल बच गए, लेकिन पेड़ के नीचे खड़ी एक कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ को कटर से काटा जा रहा है। पेड़ गिरने से कई बिजली के खंभे भी गिर गए, जिससे रोड ब्लॉक हो गया और यातायात प्रभावित हुआ। यातायात पुलिस बल द्वारा व्यवस्था बनाया गया।


### अंधड़ में फंसे बाइक चालक पर गिरा बबूल का पेड़, गंभीर रूप से घायल



**भिलाई।** अहिवारा-कुम्हारी मार्ग पर अंधड़ में फंसे एक व्यक्ति पर बबूल का पेड़ गिर गया। वह बुरी तरह घायल हो गया। बताया जाता है कि भारी बारिश के चलते बबूल का पेड़ टूट कर गिर गया। यह मोटरसाइकिल सवार पेड़ से टकराकर गिर गया। घायल गाड़ी नंबर सीजी 07 बीवी 0250 से धमधा की तरफ जा रहा था। विद्याभूषण दुबे ने बताया कि उन्होंने घटना के बाद 112 नंबर पर फोन भी किया, लेकिन वाहन नहीं पहुंचा। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया।

#### कुम्हारी परसदा की है घटना

### रेलवे का ओएचई केबल टूटकर गिरा तीन घंटे ट्रेनों की आवाजाही ठप



**भिलाई।** गुरुवार को तेज आंधी बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यवस्त रहा है। इसके चलते कुम्हारी स्थित परसदा रेलवे क्रॉसिंग के पास शाम 4.30 बजे एक वृक्ष रेलवे के ओएचई इलेक्ट्रीकल केबल पर गिर गया। अचानक हुए इस हादसे से इलेक्ट्रिकल केबल टूटकर गिरने से पेड़ में आग लग गई। इसके कारण दुर्ग-रायपुर के बीच रेल ट्रैफिक व्यवस्था तीन घंटे के लिए पूरी तरह से ठप रहा। सूचना मिलने पर रेलवे की टीम मौके पर कुम्हारी पहुंची और लाइन को बंद कर राहत कार्य शुरु किया। मिली जानकारी के मुताबिक यहां से गुजने वाली पहली ट्रेन 6:10 से गुजरी थी। शाम को अचानक तेज हवाओं के साथ जमकर बारिश होने से हवा के झोंको से परसदा रेलवे क्रॉसिंग के पास दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के ओएचई केबल गिर गया। इस प्राकृतिक आपदा के कारण इलेक्ट्रिकल केबल टूट गया। कई जगहों का रेले सेवा बुरी तरह प्रभावित हो गया। रेलवे बिजली व्यवस्था बंद रही है। भिलाई, दुर्ग से गुजरने वाली ट्रेनों को रोका गया था। केबल अपडेट होने के बाद ट्रेनों को रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि ट्रेनों को भि भिलाई तीन, पावर हाउस और दुर्ग रेलवे स्टेशन में रोका गया था। रेलवे की टीम राहत कार्य पूरी तरह कंप्लीट करने के बाद रेल सेवा शुरु कर ट्रेनों को रवाना किया गया।

## 15 साल बाद आठवीं-पांचवीं बोर्ड के नतीजे

# प्रथम श्रेणी में सबसे ज्यादा विद्यार्थी सफल

हरिभूमि न्यूज ▸▸|भिलाई

15 साल बाद आठवीं और पांचवी के विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा ली गई। इस परीक्षा का रिजल्ट जिला शिक्षा विभाग ने गुरुवार को घोषित कर दिया। आठवीं का परिणाम 95.95 प्रतिशत और पांचवी का 98.7 प्रतिशत रहा। इस रिजल्ट में सबसे ज्यादा विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। आठवीं की कुल दर्ज संख्या 18220 थी। जिसमें से 17733 विद्यार्थी सफल हुए हैं। इसी तरह पांचवी कक्षा की दर्ज संख्या16239 थी। जिसमें 16029 विद्यार्थी सफल रहे।

### आठवीं का रिजल्ट 95.95 प्रतिशत व पांचवीं का 98.7 प्रतिशत

#### पांचवीं में सबसे ज्यादा विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में

आठवी बोर्ड परीक्षा की तुलना में पांचवीं बोर्ड के विद्यार्थी सबसे ज्यादा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। आठवीं में 10193 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जबकि पांचवी बोर्ड में 12303 विद्यार्थी पास हुए हैं। द्वितीय श्रेणी में आठवीं बोर्ड के विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। आठवीं बोर्ड में 3619 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। पांचवीं बोर्ड में इस श्रेणी के 2592 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए।

#### तृतीय श्रेणी में आठवीं के 3200 विद्यार्थी

पांचवी व आठवीं बोर्ड परीक्षा में तृतीय श्रेणी में 4127 पास हुए हैं। इनमें आठवी में 3202 और पांचवीं में 209 विद्यार्थी शामिल हैं। तृतीय श्रेणी वाले विद्यार्थियों की संख्या ज्यादा होने की वजह ऐसा माना जा रहा है कि कई स्कूलों का रिजल्ट बेहद कमजोर रहा है। वहीं के विद्यार्थी ज्यादा प्रभावित रहे हैं। रिजल्ट के बाद ऐसे स्कूलों को चिहिंत भी किया जा रहा है।

#### 1625 फेल विद्यार्थियों को मिली पूरक की पात्रता

बोर्ड परीक्षा होने के बाद भी किसी विद्यार्थी को फेल नहीं करना था लेकिन 1625 विद्यार्थी फेल हो गए हैं। ये ऐसे विद्यार्थी हैं जिन्होने या तो परीक्षा नहीं दी या फिर किसी विषय में कुछ ही नंबर हासिल किए। पांचवीं में 419 और आठवीं में 1206 विद्यार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है। वहीं पांचवीं में 209 अनुपस्थित और आठवीं में 719 विद्यार्थी पूरक आए। पांचवी में 210 और आठवीं में 487 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

#### पहले था ग्रेडिंग सिस्टम

जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बताया कि पांचवी व आठवीं के रिजल्ट में इसके पहले यानी वर्ष 2023-24 तक ग्रेडिंग सिस्टम से होता रहा है। विद्यार्थियों को ए, बी, सी और डी ग्रेड प्रदान किया जाता था। प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024-25 में दोनों की कक्षाओं को बोर्ड पैटर्न पर परीक्षा आयोजित करवाई।

### विशेष सूचना

आप सभी पाठकों को सूचित किया जाता है, कि 1 मई 2025 से दुर्ग हरिभूमि कार्यालय बंद किया जा रहा है, दुर्ग कार्यालय की समस्त सेवाएं अब भिलाई कार्यालय से संचालित होगी। सभी पाठकों से अनुरोध है, कि अपने लोकप्रिय अखबार हरिभूमि में विज्ञप्ति एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**फोन नं. 0788-4091720**

**Email Id - haribhoomibhilai@gmail.com**

### पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**9300663610, 7489348301**


सस्ता सस्ता सस्ता

न्यु **ओम ज्वेलर्स**

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध

जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने

अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध

आज ही पधारें

सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है

- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

**खबर संक्षेप**



### धूमधाम से मनाया गया अक्ती त्योहार

दुर्ग। गांव की महिलाओं व बच्चों द्वारा तेलमाटी, चुलमाटी, मण्डपाच्छादन, मायन, बारात, धरमटिका, रीति रिवाज, गाजे-बाजे के साथ गांव में भ्रमण किया गया। गांव के 30 से अधिक जगहों पर अक्ती त्योहार रीति रिवाज से मनाया गया। अक्षय तृतीया वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाई जाती है। इसलिए यह माना जाता है कि इस दिन किए गए किसी भी शुभ कार्य का फल अक्षय होता है।

### जिपं. अध्यक्ष ने श्रमिकों का किया सम्मान



दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने ग्राम पंचायत ढौर (हिग्नडीह) में मनरेगा के अंतर्गत संचालित कार्यस्थल पर पहुंचकर 120 से अधिक श्रमिकों के साथ कार्य में सहभागिता कर, उन्हें सम्मानित करने का एक प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान उन्होंने सभी श्रमिक भाई-बहनों के चरण धोकर, उन्हें गमछा भेंट किया एवं नाश्ते की व्यवस्था कर श्रम की गरिमा को नमन किया। इस आयोजन में सरपंच संघ अध्यक्ष दामिनी साहू, ग्राम पंचायत सरपंच देवानंद कुर्रे, भाजपा अहिवारा मंडल मंत्री राजा शर्मा, गणेश टंडन, सत्य प्रकाश बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे।

### निराकरण करने दस्तावेज नहीं किए अपलोड

दुर्ग। जिले में सुशासन तिहार के तहत अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने विभागों को प्राप्त मांग, शिकायत आवेदन एवं निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आवेदन निराकरण के पश्चात की गई कार्यवाही भी अपलोड करने निर्देश दिए।

# सर्वे में 87 हजार ने आवास के लिए लगाई गुहार, 15 भी दिन और मोहलत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

**अलग खबर**

प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर पिछले माहभर से चल रहे सर्वे में जिले से 87 हजार से अधिक लोगों ने आवास के लिए अर्जी लगाई है। जिलेभर से आए इन आवेदनों को लेकर अब जिला पंचायत द्वारा भौतिक सत्यापन किया जाएगा। भौतिक सत्यापन के बाद पात्र पाए गए हितग्राहियों के आबंटन को लेकर राज्य शासन को जानकारी भेजी जाएगी।

उल्लेखनीय हैं कि, वर्ष 2016 के बाद से जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 22824 हितग्राहियों को पक्का मकान मिल चुका है। वही वर्ष 2024 में केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2 के तहत एक अप्रैल को नए सिरे से सर्वे कराया गया था। विगत तीस अप्रैल तक किए गए सर्वे में करीब 74085 आवासों का सर्वे ग्राम पंचायत के सचिवों द्वारा किया गया था, वहीं 13558 लोगों ने वेबसाइड के जरिए सेल्फ सर्वे किया था। इन आवेदनों को लेकर अब जिलेभर में भौतिक सत्यापन किया जाएगा। बहरहाल आवेदनों की एंट्री किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

## मोर द्वार साय सरकार के तहत जिलेभर में चलाया गया था अभियान

### साढ़े तीन हजार को छः माह में मिले आवास

जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि, जिले में केन्द्र के निर्देश पर अभियान चलाया गया। जिसके तहत पिछले साल सितंबर माह से अब तक 3405 आवास कंपलीट कर लिए गए हैं। अफसरों ने बताया कि, वर्ष 2016 के बाद आवास प्लस प्लास में शामिल और छुटे हुए करीब 12784 आवेदन आए थे। इसमें अब तक 10390 आवास स्वीकृत होने के बाद 3405 आवास पूरे हो गए हैं। शेष आवास निर्माणाधीन हैं। इसमें 9467 लोगों को पहला और 4929 हितग्राहियों को दूसरा किस्त भी जारी कर दिया गया हैं।




### पन्द्रह दिन मिलेंगे आवेदन करने की मोहलत

केन्द्र सरकार द्वारा पीएम 2.0 के लिए सर्वे किए जाने की तिथी तीस अप्रैल निर्धारित की गई थी। हांलाकि इसमें लोगों को राहत देने के लिए केन्द्र द्वारा आगामी 15 मई तक अतिरिक्त सुविधा दी गई है। जिसके बाद ऐसे हितग्राही जो सर्वे में आवेदन करने से वंचित हो गए थे। वे अब पन्द्रह दिन के अंदर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकेगे। केन्द्र के इस फैसले से गरीब परिवारों को राहत मिलेगी।

### मिलेगी मोहलत

पीएम आवास योजना के तहत सर्वे कार्य तीस अप्रैल तक किया गया था। केन्द्र द्वारा अब पन्द्रह मई तक अतिरिक्त मोहलत दी गई हैं।

**-बजरंग दुबे,** सीईओ दुर्ग

## धरना-प्रदर्शन : सोमवार से अंजोरा ढाबा में भूख हड़ताल कर रहे थे ग्रामीण

# आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीणों ने पानी के लिए घेरा कलेक्टोरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पिछले चार दिन से गांव में भूख हडताल पर डटे ग्रामीणों ने गुरूवार को कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। सैकडों की संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति जमकर आक्रोश दिखाया। सैकडों की संख्या में एक साथ ग्रामीणों के द्वारा धरना दिए जाने से जिला और पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए थे। ग्रामीणों के घंटो प्रदर्शन के बाद आखिर में पेयजल के लिए प्रशासन द्वारा तत्काल 32 लाख रूपए की राशि जारी किए जाने का आदेश जारी किया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ।

जिला मुख्यालय से लगे अंजोरा ढाबा गांव में पानी की गंभीर समस्या को लेकर ग्रामीण पिछले सोमवार से भूख हडताल पर बैठे रहे। गुरूवार तक समस्या का सामधान नही होने पर ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया और ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय का घेराव कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि, चार दिन से पेयजल की मांग करने के बाद भी जिला प्रशासन द्वारा संवेदनशीलता नही दिखाई गई। युवा कांग्रेस धर्मेश देखमुख ने कहा कि समस्या का सामाधान करने के बजाय अफसर निरिक्षण के नाम पर कोई समस्या नही होने का रिपोर्ट तैयार करते है। इससे ग्रामीण ज्यादा नाराज हो गए और घेराव कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

### पीएचई विभाग ने कहा था पर्याप्त आपूर्ति, इसलिए भड़के थे ग्रामीण



### धरने पर बिगड़ी तबियत ग्रामीणों में पनपा आक्रोश

अंजोरा ढाबा में पेयजल की समस्या को लेकर अगुवाई कर रहे युवा कांग्रेस धर्मेश देशमुख की तबियत बिगड गई। प्रदर्शन के बीच वे बेहोश हो गए थे। उन्हें खून की उल्टी होने से प्रशासन के बीच हडकंप मच गई। डाक्टरों के अनुसार पिछले चार दिन से भूखे पेट रहने के कारण ऐसा हुआ। उन्हें तत्काल एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने इलाज के बाद छुट्टी भी दे दी। युवक की तबियत बिगडने से ग्रामीणों का आक्रोश तेज हो गया था।

### हाथों में तख्ती लेकर कलेक्टोरेट पहुंची थीं महिलाएं

इस आक्रोश प्रदर्शन में सबसे ज्यादा महिलाएं पहुंची थी, वे हाथों में तख्ती लेकर पेयजल की मांग पूरी करने नारेबाजी करते रहे। सोमवार से भूख हडताल में बैठे ग्रामीणों का गुस्सा तब फूटा जब प्रशासन की ओर से कोई पहल नही की गई। तेजी तपती धूप में सैकडों की संख्या में महिला पैदल ही जिला मुख्यालय तक प्रदर्शन करने पहुंच गई थी। मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर पैदल चलकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट का रुख किया और धरने पर बैठ गए। गांव के लोगों का कहना है कि चार दिनों से वे भूख हड़ताल पर थे, लेकिन प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी। इसके विरोध में उन्होंने कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना प्रदर्शन किया।

### बेरीकेड्स लगाकर रोका गया, धूप में ही बैठकर दिया धरना

प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों को कलेक्ट्रेट भवन में घुसने से पहले ही पुलिस प्रशासन द्वारा बेरिकेटिंग लगाकर रोक दिया गया। इसके चलते सभी लोग खुले मैदान में कड़ी धूप में ही बैठकर धरना देने लगे। प्रदर्शन को समर्थन देने कांग्रेस के नेता राजेंद्र साहू और दुर्ग नगर निगम के पूर्व महापौर धीरज भी मौके पर पहुंचे। राजेन्द्र साहू का कहना था कि, ग्रामीण पिछले चार-पांच दिनों से भूख हड़ताल पर थे, लेकिन शासन-प्रशासन ने कोई संज्ञान नहीं लिया। अगर प्रशासन पहले सुन लेता तो आज युवक को ड्रिप चढ़ाने की नौबत नहीं आती। ग्रामीण गोपी निर्मलकर ने कहा कि, जब तक गांव में पानी की स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक वे धरना खत्म नहीं करेंगे।

### राशि स्वीकृत

अंजोरा ढाबा में जनपद पंचायत व ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत शिवनाथ नदी से पाइप लाइन बिछाने करीब 32 लाख रूपए स्वीकृत कर दिए गए हैं। यहां तत्काल कार्य शुरू कराए जाएंगे।

**-रूपेश पांडेय,** सीईओ जनपद दुर्ग

# युक्तियुक्तकरण के खिलाफ छात्र संगठनों ने फूंका पुतला




हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन की दुर्ग जिला कमेटी द्वारा राज्य सरकार के स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के निर्णय के खिलाफ एवं शिक्षकों व गैर शिक्षकीय स्टाफ के रिक्त सभी पदों पर तत्काल भर्ती करने की मांग पर दुर्ग में गांधी चौक हिंदी भवन के सामने राज्य सरकार का पुतला दहन किया गया।

- हिंदी भवन के सामने संगठन का प्रदर्शन

छात्र संगठन द्वारा मुख्यमंत्री के नाम पर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञात हो कि, छत्तीसगढ़ राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग में हाल ही में स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश उसी सेटअप के अनुसार लागू किया जा रहा है, जिसे अगस्त 2024 में व्यापक विरोध के बाद स्थगित कर दिया गया था। अन्य शिक्षक संगठनों ने एवं अभिभावकों के साथ साथ हमारे छात्र संगठन ने भी इस आदेश का विरोध करते हुए इसे शिक्षा एवं छात्र विरोधी बताया था। इससे पहले, 2 अगस्त 2024 को युक्तियुक्तकरण का जारी किया गया। यह आदेश राज्य के प्राइमरी और मिडिल स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से प्रभावित कर रहा था। इस आदेश में 60 बच्चों के लिए केवल एक प्रधान पाठक और एक सहायक शिक्षक का सेटअप लागू किया जा रहा है, जो पहले 60 बच्चों के लिए एक प्रधान पाठक और दो सहायक शिक्षकों का था।

### फैसला वापस लेने की मांग

राज्य में शिक्षा की हालत बहुत ही दयनीय है। सरकार का ही आंकड़ा है कि राज्य भर में 4,595 स्कूल के भवन जर्जर होकर टूट रहे हैं। 5,392 सरकारी स्कूल केवल एक ही शिक्षक के भरोसे हैं। जबकि 610 स्कूल शिक्षक विहीन है। राज्य भर में 56,232 से ज्यादा शिक्षकों के पद खाली है। इन रिक्त पदों को भरने के बजाय सरकार इसके उलट शिक्षकों की आवश्यक संख्या को घटाकर शिक्षकों की कमी को पूरा करने का रास्ता अपना रही है। संगठन ने कहा युक्तियुक्तकरण की नीति वापस नही ली जाती तब तक हमारा आंदोलन मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहेगा।

### श्रद्धांजलि...



दुर्ग। जम्मू कश्मीर के पहलगाम व बारासर में पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा बेगुनाह सैलानियों के पर हमला कर नृशंस हत्या की गई जिसके विरोध में गीतांजली संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकगण, समिति के पदाधिकारी तथा वार्ड 40 के पार्षद श्रीमती सरिता चन्द्राकर, वार्ड 44 के पार्षद मनीष कोठारी द्वारा दो मिनट मौन रखकर एवं कैण्डल जलाकर श्रद्धाजंली अर्पित की गई। साथ ही पार्षद द्वारा आंतकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई।

## चेंबर को लेकर तीन दिन से तमाशा धरने पर बैठे विपक्षीय पार्षद



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम में नेता प्रतिपक्ष को चेंबर का आबंटन नही किए जाने से यह मामला तमाशा बनकर रह गया। एमआईसी गठन के बाद सभी सदस्यों को तामझाम के साथ चेंबर का आबंटन सतापक्ष द्वारा कर दिया गया। लेकिन नेत प्रतिपक्ष के लिए चेंबर आबंटन नही किए जाने का मामला पिछले तीन दिन से सुर्खियों में है। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले के साथ सभी विपक्षीय पार्षद तीन दिन से ननि परिसर में धरना दे रहे है। इसके बाद भी सत्तापक्ष द्वारा संवेदनशीलता नही दिए जाने से विपक्षीय पार्षदों में नाराजगी बढ रही है। उप नेता प्रतिपक्ष विजयेन्द्र पटेल ने बताया हमने अपने कार्यकाल में नेता प्रतिपक्ष को चेंबर का आबंटन किया था, लेकिन उन्होने चेंबर लेने से मना कर दिया था। उनका कहना हैं कि आम जनता की समस्या अगर सत्तापक्ष नही सुनती है तो वे कहां जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष संजय कोहिले ने कहा कि, जब तक उन्हें चेंबर का आबंटन नही कर दिया जाता, तब तक हर रोज सभी पार्षद हडताल पर बैठेगें। गुरूवार को भी प्रदर्शन किया।

- नगर निगम परिसर में धरना प्रदर्शन

# श्रमिक दिवस पर महापौर ने किया सफ़ाई कर्मचारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम में श्रमिक दिवस पर सफाई कर्मियों का सम्मान किया गया था। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल पहुंचे। महापौर अलका बाघमार ने अंतराष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर अपने विचार रखे और बेहतर कार्य करने वाले स्वच्छता दीदियों सहित सफाई कामगारों को गुलाब फूल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। सभापति श्याम शर्मा ने भी स्वच्छता दीदी और सफाई कर्मियों की हौसला अफजाई की। सभापति श्याम शर्मा ने कहा दुनियाभर में श्रमिक कड़ी मेहनत करते हैं मजदूर दिवस के रूप में आज का विशेष दिन उनके मेहनत और दृढ़ संकल्प को मनाने के लिए समर्पित किया गया है। इस अवसर पर देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर आदि मौजूद थे।

- मेहनत और दृढ़ संकल्प मनाने के लिए समर्पित



### सफाई कर्मचारियों के साथ बैठकर नीलेश ने किया भोजन



निगम कार्यालय में श्रमिक परिवारों के संग 1 मई को श्रम को सम्मान देते हुए स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल ने सफाई कामगारों व स्वच्छता दीदियों के साथ जमीन में बैठकर खाना खाकर श्रम को सम्मान किया। इस अवसर पर प्रभारी ने कहा कि सफाई कामगार व स्वच्छता दीदी शहर के समस्त क्षेत्रों में कार्य सेवा दे रहे सभी श्रमवीर बहनों और भाइयों सहित सभी को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 1 मई की बधाई।

## मेयर ने किया मौके का निरीक्षण, आवागमन कराए दुरुस्त

दुर्ग। में आंधी-तूफान के कहर के कारण नया बस स्टैंड के पास 100 साल पुराना नीम का पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कई राहगीर बाल-बाल बच गए, लेकिन पेड़ के नीचे खड़ी एक कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। पेड़ को कटर से काटा जा रहा है। पेड़ गिरने से कई बिजली के खंभे भी गिर गए, जिससे रोड ब्लॉक हो गया और यातायात प्रभावित हुआ। यातायात पुलिस बल द्वारा व्यवस्था बनाया गया। महापौर श्रीमती अलका बाघमार व एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और तत्काल पेड़ हटाने के निर्देश दिए। आंधी-तूफान के कारण शहर में कई जगहों पर पेड़ और बिजली के खंभे गिरने की खबरें आई हैं। निगम प्रशासन राहत और बचाव कार्य में जुट गया है और यातायात को सामान्य बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



## राजीव भवन में दुर्ग ग्रामीण और दुर्ग शहर संगठन का कार्यक्रम

# मजदूरों के सम्मान में कांग्रेसियों ने खाया बोरे बासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मजदूर दिवस के मौके पर राजीव भवन में कांग्रेस द्वारा बोरे बासी कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। जहां बोरे बासी का सामूहिक भोज कर मजदूरों का उत्साह बढ़ाया गया। इस आयोजन को लेकर कांग्रेसियों में जमकर उत्साह दिखा।

- मजदूर दिवस को लेकर दिखा उत्साह

कांग्रेस शासन काल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 1 मई मजदूर दिवस के दिन बोरे बासी खाने की अपील कर पूरे प्रदेश में एक अभियान शुरू किया था। लेकिन भाजपा की राज्य में सरकार बनने के बाद बोरे बासी का आयोजन बंद हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने सामूहिक बोरे बासी खाने का आयोजन किया। आयोजन को लेकर व्यापक उत्साह था। कांग्रेस भवन में हुए आयोजन में सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। आज के बोरे बासी तिहार में जिला ग्रामीण अध्यक्ष राकेश ठाकुर, शहर अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री गिरीश देवांगन, राजेंद्र साहू, जितेंद्र साहू, दीपक दुबे, पूर्व राजमंत्री दर्जा प्राप्त आरएन वर्मा, अलताफ अहमद, केशव बंटी हरमुख, क्षितिज चंद्राकर, महापौर शशि सिन्हा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, राजेश यादव, संदीप वोरा ,प्रतिपक्ष नेता संजय कोहले , दीपक साहू , भास्कर कुंडल, ज्ञान दस बंजारे, प्रेमलता साहू, पोषण साहू, राजकुमार पाली, अजय मिश्रा, प्रवक्ता नासिर खोखर, अनूप वर्मा, भोला महोबिया, अजय गोलू गुप्ता, आनंद ताम्रकार, सौरभ ताम्रकार, मुकेश साहू, शिशिर कांत कसार, मोहित वाल्दे, बृजमोहन तिवारी, अय्यूब खान, राजकुमार वर्मा सहित दुर्ग ग्रामीण, दुर्ग शहर, भिलाई कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कांग्रेस ने हमेशा मजदूरों का सम्मान किया

जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि, कांग्रेस हमेशा मजदूर गरीब लोगों का सम्मान किया है। कांग्रेस ही ने मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना की शुरुआत की थी, जो योजना मजदूरों और ग्रामीण के विकास में मिल का पत्थर साबित हुई है। कोरोना के समय कांग्रेस सरकार ने अन्य राज्यों में फंसे मजदूर साथियों को सुरक्षित प्रदेश लाया गया। कांग्रेस हमेशा मजदूरों, किसानों और गरीबों के साथ रही है।

### पूर्व सीएम भूपेश ने कहा- मेहनत और समर्पण का सम्मान

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बोरे बासी खाकर मजदूर दिवस मनाया। भूपेश बघेल ने कहा कि, आज का यह दिन हमारे श्रमिक साथियों के मेहनत और समर्पण के सम्मान का दिन है। इसलिए इस दिन को हम बोरे-बासी तिहार के रूप में भी मनाते हैं। हमारी सरकार ने मजदूरों के सम्मान में 1 मई मजदूर दिवस पर बोरे बासी तिहार मनाकर छत्तीसगढ़ी संस्कृति और परंपरा को बढ़ावा दिया है, जो आज भी कायम है।

# मिलेट्स से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही महिला समूह, बढ़ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

ग्राम पंचायत बोराई में महिला स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती भारती टंडन और उनके समूह की दीदीयां मिलेट्स मोटे अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन बना रही हैं, जिससे न केवल उन्हें आत्मनिर्भरता मिल रही है बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ रही है।बिहान स्व. सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती भारती टंडन ने 2018 से समूह के साथ काम करना शुरू किया। शुरुआत में उनके समूह ने मुरकु, पापड़ का निर्माण किया उससे लाभ प्राप्त किया। बाद में उन्होंने मसाला और खाद निर्माण में भी कदम रखा और इससे भी मुनाफा हुआ। खाद निर्माण से समूह को 2.3 लाख रुपये का फायदा हुआ। अब श्रीमती टंडन और उनके समूह ने मिलेट्स मोटे अनाज से स्वादिष्ट व्यंजन बनाने की ओर कदम बढ़ाया है। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा से मिली प्रशिक्षण के बाद उन्होंने मिलेट्स से विभिन्न प्रकार के पकवानों का निर्माण शुरू किया। इस कदम से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है, बल्कि उनके उत्पादों की मांग भी बढ़ी है। हाल ही में श्रीमती भारती टंडन ने जिला पंचायत परिसर में अपना स्टाल लगाया और वहां अपनी बनाई हुई व्यंजन बेची। साथ हीए आईआईटी भिलाई में भी एक स्टाल लगाया गया। जिसमें 66,000 रुपये का विक्रय हुआ ।

- मुनाफा कमा रहीं बोराई महिला स्व सहायता समूह

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**उतई।** दाऊ उत्तम साव शासकीय महाविद्यालय मचांदुर में पदस्थ सहायक ग्रेड 1 एनपी वर्मा 38 वर्षों की शासकीय सेवा के उपरांत 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त हो गए। एनपी वर्मा महाविद्यालय मचांदुर में सहायक ग्रेड 1 के रूप में 2019 से कार्यरत थे। आपकी शासकीय सेवा सुकमा (बस्तर) से प्रारंभ हुई। बाद में इनका स्थानांतरण जगदलपुर महाविद्यालय एवं शासकीय महाविद्यालय उतई में हुआ। सेवानिवृत्ति के अवसर पर आयोजित विदाई सह सम्मान कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की ओर से एनपी वर्मा को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नीरजा रानी पाठक ने उन्हें उनके स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की। महाविद्यालय में उनके कर्तव्य परायणता, सेवा एवं शासकीय कर्तव्यों के प्रति निष्ठा भावना की समस्त स्टाफ ने मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर उनके पुत्र चंद्रकांत वर्मा उपस्थित थे।

### चंदखुरी विद्यालय में कक्षा 6वीं और 7वीं का परीक्षा परिणाम घोषित



**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय चंदखुरी में कक्षा 6वीं और 7 वीं का वार्षिक परीक्षा घोषित करने से पूर्व अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी आने वाले बच्चों को कविता ठाकुर सरपंच, गोपाल यादव जनपद सदस्य, भूपेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति एवं बाबूराय साहू प्रधान पाठक, दुष्यंत चंद्राकर सदस्य, देवकीनंदन शर्मा समन्वयक,त्रिभुवन देशमुख, चेतन साहू, विजयालक्ष्मी पाटिल, पुष्पा गजेन्द्र, सुनीता पालरकर, स्वाति प्रसाद, योगेश्वरी हरमुख, संतोष शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर सरपंच कविता ठाकुर ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### राममूर्ति मिश्रा



**भिलाई।** प्लाट नंबर 30, 31 शिवाजी नगर सुपेला भिलाई निवासी राममूर्ति मिश्रा (मोछु मिश्रा) उम्र 85 वर्ष का निधन 30 अप्रैल को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 1 मई को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. भागवत मिश्रा के पुत्र एवं नागेंद्र, अरुण, अश्वनी, सूर्य प्रकाश मिश्रा के पिता और नीरज कुमार, शरद कुमार, भूपत, आशुतोष, शिवांस, आयुष मिश्रा के दादा थे।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-4 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202409104100091/अ-74/ वर्ष-2023- 2024

ग्राम - उरला प.ह.नं. 16

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग के पृ० क्रमांक 3045/ अविअ/2024 दुर्ग, दिनांक 17-9-2024 के द्वारा आवेदक खेमराज मटियारा, जितेन्द्र मटियारा, उमेश कुमार ढीमर, महेन्द्र कुमार ढीमर सभी निवासी ढीमर पारा दुर्ग वार्ड-32 तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम उरला प.ह.नं. 16 में स्थित शासकीय भूमि खसरा नंबर 94 रकबा 18.8060 भूमि दर्ज है जिसमें से रकबा 8 एकड़ भूमि मत्स्य हेचरी जो नाला से लगा हुआ है, आवेदकगण द्वारा मत्स्य हेचरी/मत्स्य पालन के लिये भूमि को लीज पर लेने हेतु आवेदन पत्र खसरा पांचसाला, बी-1, नक्शा आदि दस्तावेज पेश किया गया है जो कि प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि को आवेदकगण को लीज पर हस्तांतरण करने से कोई आपत्ति दावा या उजर हो तो स्वयं इस न्यायालय में पेशी दिनांक 14/05/2025 को लिखित में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक-29-04-2025

पेशी दिनांक-14-05-2025

नायब तहसीलदार
दुर्ग-4 जिला दुर्ग (छ.ग.)

---

### अक्षय तृतीया पर्व आभूषणों की खरीदारी के साथ, फसल बुआई की करते हैं शुरुआत

# किसान ग्राम देवता व धरती माता की पूजा-अर्चना कर फसल लगाने लेते हैं अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देश और महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. अजय वर्मा के मार्गदर्शन पर संत विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा में अक्षय तृतीया के अवसर पर 'अक्ती तिहार' मनाया गया। कृषि महाविद्यालय के पास स्थित प्रक्षेत्र में प्रक्षेत्र प्रभारी, सहायक प्रध्यापक डॉ. किरण कुमार नागराज और डॉ. मधुलिका सिंह द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ में अक्षय तृतीया के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र और धरती माता एवं बीजों की पूजा-अर्चना कर बीज बुआई का कार्य प्रतीकात्मक रूप से किया गया।

इस दौरान सहायक प्रध्यापक डॉ. किरण नागराज ने 'अक्ती तिहार' की महत्ता को बताते हुऐ कहा कि छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख कृषि पर्व है, जिसमें किसान ग्राम देवता एवं धरती माता की पूजा-अर्चना कर धरती माता से फसल लगाने की अनुमति मांगते हैं। इस अवसर पर बीजों की पूजा-अर्चना कर एक सीमित क्षेत्र में बीजों की बुआई की जाती है और इनकी अंकुरण क्षमता एवं जीवन क्षमता जांची जाती है।

आगे डॉ. नागराज ने बताया कि अक्ती तिहार का महत्व पौराणिक दृष्टिकोण से बड़ी विशेष महत्व रहता है इस दिन लोग सोना, चांदी, जेवर आभूषण की ख़रीदारी, विवाह कार्य, पितरों को तर्पण, गृह प्रवेश आदि करते हैं। ऐसा माना जाता है कि अक्षय तृतीया में किए गए कार्य से अक्षय फल मिलता है।

इस मौके पर डॉ. मधुलिका सिंह ने भी छात्रों को अक्ती तिहार की विशेषता को बड़ी विस्तारपूर्वक बताया। साथ ही कृषि आनर्स के छात्रों को कृषि कार्य करने के लिये प्रेरित किया और प्रायोगिक रूप से किये गये धान बुआई को रोजाना टीम बनाकर देख-रेख करने छात्रों को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कृषि आनर्स के छात्रों को कृषि कार्य करने के लिये किया प्रेरित**



### नवागांव में अक्षय तृतीया पर बच्चों ने अनोखे अंदाज में किया पुतरा-पुतरी विवाह



**जामगांव आर।** दक्षिण पाटन के ग्राम नवागांव बी में अक्षय तृतीया पर्व पर बच्चों ने अनोखे अंदाज में मनाई। उन्होंने पालकों के सहयोग से आमंत्रण पत्र छपवा कर घर-घर बटवाया। कार्ड में पुतरा का नाम रामचंद्र पिता दशरथ निवासी अयोध्या और पुतरी का नाम सीता पिता जनकराम निवासी जनकपुरी लिखवाई गई थी। बच्चों ने शादी का मंडप भी सजाया। विवाह के सारे रस्म, हल्दी, चुलमाटी, तेल, मायन सब किए। दूल्हे की बारात भी निकाली। सभी रस्मों में बड़ों ने भी भागीदारी निभाई। आसपास के लोग पुतरी को हल्दी लगाने पहुंचे। टीकावन में उन्होंने दुल्हा-दुल्हन यानि पुतरा-पुतरी को उपहार भी दिए। निमंत्रण पत्र में दर्शनाभिलाषी शशि साहू, बबली साहू, डिंपल साहू, दामिनी साहू, केशकुमारी, नंदनी, चेतना, दिक्षा, लिलिमा, बेबो, प्रेरणा, रेहान, भाविक, योगांश, साहिल, कार्यक्रम में शामिल बच्चों के माता- पिता डोमार साहू निर्मला साहू, लोमश गोदावरी साहू, लोचन अश्वनी, नंदलाल परमिला, टिकेश कविता, ललित खेमीन, राजेश रानी, लवकुमार गुरुमती थे। समाजसेवी अभिषेक सेन ने बताया की हर साल की भांति इस वर्ष भी अक्ति पुतरा-पुतरी का तिहार बहुत ही भव्य के साथ मनाया लेकिन इस बार खास रहा। विवाह के पूरे रस्म हुए। गांव के लोगों को भोजन में भी बुलाया गया। कार्यक्रम के जिम्मेदारी रितिक साहू का काम बहुत ही सहारणीय रहा। इस अवसर पर शिवकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, जयप्रकाश साहू, छगनलाल साहू उपसरपंच, सतीश साहू, पोखन साहू, किशोरी साहू, जयसिंह कोर्राम, हस्तारेखा साहू मितानीन दीदी, अनिता साहू, रश्मि सेन, पुष्पा साहू आदि उपस्थित थे।

## तेज तूफान से पेड़, खंभे, टिन सहित घरों के भी छज्जे उड़े



**सेलूद।** ग्राम सेलूद सहित आसपास के गांवों में शाम चार बजे के आसपास तेज अंधड़ तूफान व पानी ने ऐसे जुल्म ढहाया कि पेड़, खंभे, टीन व घरों के खपरेल भी उड़ गये। हवा में धूल होने के कारण आवागमन आधे घंटे के लिए ठप्प हो गया। जो वाहन या व्यक्ति जिस स्थान पर था उसी स्थान पर सुरक्षित स्थान देखकर रूक गए। ऐसा लगा जैसे कुछ बड़ी अनहोनी की आशंका है । सिक्स लेन में डलने वाले फ्लाई ऐश हवा में ऐसे उडा की लोगों को कुछ दिखना ही बंद हो गया। सभी राहगीर धूल के कारण जहां थे वही रुक गये और हवा, पानी, तूफान के थमने का इंतजार करने लगे। ग्राम सेलूद के शासकीय हास्पिटल के पास बने यात्री प्रतिक्षालय का टीने का नाम लिखने का पट्टिका हवा में उड़ गया । ऐसे ही गाँव में कई पेड़ों के डाल टूट गये हैं।

## शासकीय जमीन में काबिज अतिक्रमण को ढहाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

▪ मामला नगर पंचायत उतई में हुए अतिक्रमण का



नगर पंचायत उतई द्वारा वर्षों से शासकीय जमीन में काबिज अतिक्रमण को तहसीलदार ढाल सिंह बिसेन की मौजूदगी में ढहाया गया। जिस जगह पर अतिक्रमण हुआ था वह शासकीय जमीन शासकीय पशु औषधालय से लगा हुआ था। अतिक्रमणकारी को नगर पंचायत उतई द्वारा तीन बार नोटिस दिया गया उसके बाद भी अतिक्रमण को नहीं हटाया। इसके अलावा अतिक्रमण कर्ता हाईकोर्ट की शरण ले लिया, हाईकोर्ट ने नगर पंचायत से जवाब चाहा गया कि अतिक्रमण करने वाले को नगर पंचायत से बगैर नोटिस जारी किए कैसे कब्जा हटाने कहा जा रहा है उसके बाद नगर पंचायत द्वारा अतिक्रमणकर्ता को दिए गए नोटिस को लिखित रूप में हाईकोर्ट में प्रस्तुत किया जिसके चलते अतिक्रमणकर्ता को शासन को गुमराह करने के एवज में हाईकोर्ट ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व और नगर पंचायत लिखित में आदेश जारी करते हुए तत्काल अतिक्रमण हटाने कहा गया जिसके चलते गुरुवार को दोपहर से शाम तक अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान तहसीलदार ढालसिंह बिसेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र नायक, उतई थाना प्रभारी विपिन रंगारी, उप अभियंता आशीष कुमार, सहायक राजस्व अधिकारी नंदलाल चौधरी, पटवारी विमल गजपाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, लोक निर्माण प्रभारी सोनू राजपूत, पार्षद भीमसेन सहित नगर पंचायत के प्लेसमेंट कर्मचारी, सफाई कर्मी उतई एवं मचांदूर पुलिस बल बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## श्रमिक दिवस पर पालिका सफाई कर्मियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



नगर पालिका अम्लेश्वर में 1 मई विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर अमलेश्वर थाना के सामने व्यावसायिक परिसर पर अमलेश्वर प्रेस क्लब के तत्वावधान में ग्राम पंचायत के समय से सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत दो नगर पालिका के कर्मचारियों का सम्मान शाल श्रीफल सहित श्रमिक दिवस का प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही बदाम का पौधा भी दिया गया। जिससे सफाई के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया जा सके। प्रेस क्लब के अध्यक्ष करन साहू के अध्यक्षता में मजदूर दिवस मनाया गया जिसके तहत अमलेश्वर पालिका की वरिष्ठ सफाई कर्मी राजू देवांगन एवं विक्की निषाद का सम्मान किया गया। क्लब के अध्यक्ष साहू ने कहा कि सफाई कर्मी पूरे लगन के साथ धूप, गर्मी, बरसात, ठंड में अपना कार्य बिना रुके थके करते है गली मोहल्ले सहित नालियों का सफाई करते है जिससे नगर स्वच्छ और सुंदर रहे। 1 मई विश्व मजदूर दिवस पर सफाई कर्मीयों का सम्मान प्रेस क्लब के द्वारा किया गया है। वहीं सम्मान ग्रहण करने के बाद सफाई कर्मियों द्वारा बताया गया अमलेश्वर पालिका के 18 वार्ड में मात्र 13 सफाई कर्मचारी हैं एवं मासिक वेतन के रूप में 9552 रुपया पालिका से ठेकेदार के माध्यम से प्रदाय किया जाता है। कम महेताना बिना किसी शिकवा शिकायत के सफाई कार्य करते हैं। श्रमिक दिवस में मजदूरों का सम्मान होना हमारे लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम में प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष नारायण वर्मा, महासचिव अश्वनी, कोषाध्यक्ष होरी साहू, संगठन सचिव आनंद राणा, सह सचिव महेंद्र निषाद सहित नगरवासी उपस्थित थे।

### विरेंद्र को मिला एफएलएन वॉरियर्स सम्मान

**पाटन।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय विद्यालयों में एफएलएन सह नवाजतन के तहत इक्कसवीं सदी के शिक्षण शास्त्र की चुनौती को स्वीकारते हुए 100 प्रतिशत बच्चों को एफएलएन में दक्ष बनाने और कक्षा अनुरूप उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का राज्य स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस राज्य स्तरीय एफएलएन सह नवाजतन वॉरियर्स सम्मान से दुर्ग जिला के नवाचारी विरेन्द्र कुमार साहू प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी संकुल केंद्र-बठेना को सम्मानित किया गया है। प्रधानपाठक साहू के द्वारा विद्यालय में नवाचार, बच्चों में बुनियादी साक्षरता गणितीय कौशल बढ़ाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई।



## सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



▪ खोपली में संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन

खोपली में संकुल स्तरीय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला खोपली के प्रधान पाठक छबिलाल रघुवंशी व पूर्व माध्यमिक शाला खोपली के प्रधान पाठक हरीशचंद्र देवांगन को सेवानिवृत्त होने पर विदाई दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गोविंद साव थे। अध्यक्षता बीआरसी श्रवण सिन्हा ने की। कार्यक्रम में जनपद सभापति बिंदु देशलहरे, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, घुघसीडीह सरपंच ललिता बारले, उपसरपंच देवेंद्र भारती, नवीन शिक्षक संघ के महासचिव गिरीश साहू विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बीईओ गोविंद साव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। उनका कार्यक्षेत्र बदल जाता है। वह समाज को जागरूक करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। बच्चे शिक्षित होंगे तभी हमारा भविष्य उज्जवल होगा। शिक्षित व्यक्ति ही समाज व देश का विकास कर सकता है। उन्होंने बच्चों को संस्कारित शिक्षा देने पर बल दिया। अध्यक्षीय उदबोधन में बीआरसी श्रवण सिन्हा ने कहा कि बच्चे पढ़ेंगे तभी भविष्य गढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चों को शिक्षित करने का प्रयास किया जाना चाहिए। तहसील सतनामी समाज के अध्यक्ष दिनेश देशलहरे ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नही होती। उनमें छुपी प्रतिभा को आगे लाने की आवश्यकता होती है।

---

## अंचल की खबरें

### मजदूरों के सम्मान में बोरे बासी खाये



▪ भूपेश बघेल सरकार में खेलकूद, संस्कृति व लोकल परंपराओं का महत्व बढ़ा था

**सेलूद।** 1 मई मजदूर दिवस के अवसर पर व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आह्वान पर ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे के नेतृत्व में जयश्री जवाहर वर्मा के घर में बोरे बासी खाने के बाद मजदूरों के संबंध में कहा कि कर्मवीर मजदूरों को मैं सलाम करता हूं, जिन्होंने पूरे देश में नवनिर्माण नवसृजन का कार्य करते आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में छत्तीसगढ़ के सभी लोक परंपरा, लोक खेलकूद पर्व को बढ़ावा देने के साथ सभी मजदूरों को सम्मान देने का काम करते रहे। देश के सभी निर्माण कार्य में मजदूरों का योगदान रहता है। भूपेश सरकार के कार्यकाल में संस्कृति व पुराने खाने पीने और रहन-सहन को बढ़ावा देने का काम हमेशा करते रहे हैं। बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ के लोगों का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष जवाहर वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत सेलूद खिलेश बबलू मारकंडे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, उपसरपंच राकेश साहू, संजय यादव, रमेश कश्यप, धनंजय साहू, त्रिभुवन यदु, योगेश चंदेल, ममता, रवि पटेल, देवला साहू, भुनेश्वरी, सुभाष बंछोर, होमिन, खोईलन बारले, करण धनकर, इंद्राणी वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रशिक्षणार्थियों के विदाई समारोह का सफल आयोजन



▪ विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में दी रंगारंग प्रस्तुति

**उतई।** प्रिज्म प्राइवेट आईटीआई महकाखुर्द में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के द्वारा द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन रुपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू, डायरेक्टर असीम साहू, डॉ. अंजना शरद, सीमा कश्यप, प्रकाश कश्यप, डॉ. स्वप्निल जाना, डॉ. दुर्गा त्रिपाठी एवं आईटीआई के प्रिन्सिपल ललित कुमार साहू उपस्थित थे । कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों का बैच लगाकर एवं ट्री पोट भेंट करके स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रुपेश कुमार गुप्ता ने सर्वप्रथम प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रकार के कार्यक्रम हेतु बधाई देते हुए कहा कि हमारा विद्यार्थी जीवन पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास के लिए मार्ग प्रशस्त करता है, इसको हमें बहुत अच्छे से जीना चाहिये। सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी हमेशा प्रिज्म संस्थान से जुड़े रहें एवं संस्थान में प्रतिवर्ष होने वाले प्लेसमेंट शिविर उड़ान में शामिल होकर अच्छे से अच्छा जगह पर आप सभी जॉब्स प्राप्त करेंगे। संस्था की डायरेक्टर ख्याति साहू ने प्रशिक्षणार्थियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मेहनत हमेशा करते रहे और जीवन में रचनात्मकता अनुभवों को लेते रहे, आप जीवन में हमेशा सफल रहेंगे। संस्था के डायरेक्टर असीम साहू ने अपने सम्बोधन में बताया कि प्रिज्म संस्थान हमेशा आपके साथ हैं, आप लोगों ने प्रिज्म के साथ अपना 02 साल बहुत अच्छे से बिताए एवं विभिन्न क्रियाकलापों में भाग लेते हुए संस्था का नाम रोशन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए सीनियर विद्यार्थी शैलेष बाग द्वारा डांस प्रस्तुति एवं खेलों जैसे लड़कियों के द्वारा लड़कों को साड़ी पहनाना, डांस वीथ चेयर, गुब्बारे फुलाना, रोज़ गेम, हैकर चिप चुनना जैसे विभिन्न मजेदार खेलों का आनंद प्रशिक्षणार्थियों ने लेते हुए अपने विदाई समारोह को एक यादगार पल के रूप में फोटोज के माध्यम से संजोये। कार्यक्रम में आईटीआई विभाग के प्रशिक्षण अधिकारी मुकेश साहू, शिवानी सिंह, निधि यदु, ओम प्रकाश, करन साहू, आशीष साहू एवं बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी गण उपस्थित थे।

पांचवी पुण्यतिथि



आपके होने से जीवन की बगिया महकती थी,
रोशन सारा जहान था।
आप गए दुनियाँ ही बदल गई
आँखों से नीर बहते ही रहे
बस तन्हाई साथ रह गई।

भावपूर्ण श्रद्धांजली
शत्-शत् नमन

स्व. अनुज राम वर्मा
स्वर्गवास- 02/05/2020

द्रौपदी कुमारी वर्मा
एवं समस्त वर्मा परिवार

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◂ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# भारी वाहनों की आवाजाही रोकने महापौर परिषद ने लिखा यातायात को पत्र

## रिसाली एमआईसी ने लिया निर्णय, हैवी वाहनों का समय किया निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाइवा, ट्रक और ट्रैक्टर जैसे भारी वाहनों की आवाजाही को रोकने रिसाली निगम यातायात विभाग को पत्र लिखेगा। दुर्घटनाओं और क्षमता से अधिक वाहन चलने की वजह से सड़क क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में है। इस समस्या को परिषद के सदस्यों ने गंभीर माना। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता में हुई महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि यातायात विभाग की मदद से भारी वाहनों के लिए समय निर्धारित किया जाए।

महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि बीएसपी और अन्य भारी वाहन बेधड़क रिहायशी क्षेत्र में प्रवेश कर रही है। दुर्घटना की आशंकाओं को देखते हुए यातायात विभाग भारी वाहनों की आवाजाही के लिए समय का निर्धारण करे। परिषद के सदस्यों का कहना है कि बी एस पी और निजी भारी वाहन निगम की सड़को पर 24 घंटे दौड़ती रहती हैं पाश कॉलोनी से लेकर श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र मे अनियंत्रित गति से दौड़ती है। महापौर परिषद की बैठक में परिषद के सदस्य सनीर साहू, संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, डॉ. सीमा साहू, ममता यादव उपस्थित थे।

### डिजिटल नेम प्लेट लगाने प्रस्ताव

रिसाली निगम क्षेत्र के प्रत्येक घर और दुकान में डिजिटल नेम प्लेट लगाने प्रस्ताव तैयार कर शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। परिषद के सदस्य जहीर अब्बास ने कहा कि इससे एकरूपता रहेगी। नेम प्लेट से मूल जानकारी मिनटों में मिल जाएगी। दरअसल नेम प्लेट में क्यू आर कोड होगा। जिसे स्कैन करने से टैक्स संबंधी जानकारी के साथ पार्षद और वार्ड का डिटेल आ जाएगा। इसे तैयार करने प्रत्येक में लगभग 80 से 100 रूपए का खर्च आएगा।



### 536 को मिलेगा पेंशन

महापौर परिषद के सदस्यों ने ऐसे 536 आवेदनों पर मुहर लगाया है। यह आवेदन पेंशन के है। हितग्राहियों ने आवेदन प्रस्तुत कर पेंशन की मांग की है। इन आवेदनों में केन्द्रीय पेंशन योजना के 426 और राज्य पेंशन के 110 है।

## खबर संक्षेप

### जमीन को लेकर युवकों के बीच हुई मारपीट

**भिलाई।** जमीन को कब्जा करने को लेकर तीन युवकों ने पीड़ित के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 427, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 09 ब्लॉक नंबर 09 प्रियदर्शनी परिसर सुपेला निवासी श्रीकांत गोपीनाथ 1975 में बड़े पिता डॉ काशी विश्वनाथ के द्वारा कैलाश नगर एम पी क्रश्चिन कालेज भिलाई में 2400 वर्गफीट जमीन खरीदे थे। उक्त जमीन को पिता डॉ के गोपीनाथ के नाम पर पावर ऑफ अटर्नी दिया था। जिसमें प्रीकास्ट बांउड्रीवाल किया और गेट लगाने के लिए 14 जून 2024 को लेबर के साथ पीड़िच पहुंचा था. इस दौरान पुरानी बस्ती कोहका निवासी सूरज कुमार, विक्रांत शुक्ला, प्रदीप सिंह नामक युवकों ने जमीन को अपनी बताकर गाली गलौज करने लगे। तीनों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर धक्का देकर प्रीकास्ट बाउंड्रीवाल को तोड़ फोड़ किया। भूमि खसरा नंबर 1607/89 प्लाट नंबर 7 रकबा 2400 वर्गफीट भूमि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमोदित प्लाट है। उक्त भूमि खरीदने के 1-2 माह फैनसिंग तार से घेरा किया था। प्लाट का देख रेख के लिए बडे पिता द्वारा पीड़ित के पिता डॉ के गोपीनाथ के नाम से पॉवर ऑफ अटार्नी दिया है। ये तीनो युवकों द्वारा दबंगई दिखाते हुए घटना को अंजाम दिया।

### घर के बाहर खड़े वाहनों में तोड़फोड़, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर के बाहर खड़ी चार वाहनों में जमकर तोड़फोडड किए जाने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने 324 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि कांट्रेक्टर कालोनी सड़क 17 निवासी बबलु कुमार साव ड्रायवरी का काम करता है। 1 मई की रात घर के सामने खडी कार सीजी 07 एमबी 1273 के चारों कांच,बोनट,सामने का बंफर,हेडलाईट,पीछे के डिक्की को तोड़फोड़ किया गया। इसके अलावा पडोसी कौशल जायसवाल की बुलोरो सीजी 28 पी 9964 कांच , प्रेम यादव की सेंट्रो कार सीजी 07 एम 4160 के सामने का कांच, बोनट और परमेश्वर निषाद का कार सीजी 19 बीएफ 6334 को भी क्षतिग्रस्त किया गया है। चारों कारों को बस्ती के जैकी सिंह, गज्जी सिंह,बुग्गु यादव समेत अन्य युवकों ने मिलकर पत्थर,डण्डा से तोडफोड किया।

### बारात से घर लौट रहे बाजा वालों के साथ मारपीट

**भिलाई।** शादी में बाजा बजाकर घर लौट रहे युवकों के साथ मारपीट कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियों सवार युवको के खिलाफ धारा 115(2), 126(2),296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज किया है। उतई पुलिस ने बताया कि भेष कुमार गजेन्द्र रोजी मजदूरी करता है। शादी सीजन में बेंजो भी बजाया करता है। 29 अप्रैल को ओटेबंद से बारात में बाजा बजाने उतई आये थे। शादी घर से बाजा बजाकर सभी ई रिक्शा से ओटेबंद जा रहे थे। रात को बोरीगारका नहर नाली के पास पहुंचने पर सफेद रंग की स्कार्पियों वाहनमनें सवार 3-4 युवकों ने रास्ता रोक कर नानू ले गाली गलौज करने लगे। इस दौरान ई रिक्शा से मोहित अग्रवाल को उतारकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बीच बचाव करने पीड़ित पहुंचा तो युवकों ने हाथ मुक्का व बांस के डंडा से मारपीट करना शुरु किया। घटना में दाहिना घुटना , बांये हाथ में चोट आया है। मोहित के दाहिना आंख में चोट लगी है। मारपीट करने के बाद आज्ञात युवक उतई की ओर फरार हो गए।

### सेंट्रल जेल में मोबाइल फोन और अवैध वसूली

**भिलाई।** सेंट्रल जेल दुर्ग में कैदियों को मोबाइल फोन और अवैध वसूली को लेकर जय प्रकाश यादव ने मोर्चा खोल दिया है। इसे लेकर जय प्रकाश में लिखित में प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय को शिकायत करगें। उन्होंने बताया कि जेल अधीक्षक को दुर्ग से हटाने की मांग की जाएगी। जेल में लगातार इस तरह की कई घटनाएं हो चुकी है। जिसमें पूर्व में कैदी सुंदर जाल की मौत भी हुई है।

## कर्मियों के मुद्दों पर गतिरोध, यूनियनों में बढ़ा असंतोष

# बीएसपी में मान्यता यूनियन चुनाव में लेटलतीफी से हो रहा दोतरफा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में यूनियन मान्यता चुनाव में लेटलतीफी होने से दोतरफा नुकसान हो रहा है। कर्मचारियों की समस्याओं के नहीं सुलझने से इस वर्ग के साथ प्रक्रिया के नाम पर विलंब से यूनियनों में भी असंतोष भी बढ़ रहा है। यूनियन ने अब सीधे उप श्रमायुक्त केंद्रीय और बीएसपी प्रबंधन से यूनियन चुनाव को लेकर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। ऐसा नहीं करने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने की चेतावनी दी है।

उल्लेखनीय है कि पिछले चुनाव में मान्यता में आई यूनियन का कार्यकाल पांच माह पूर्व 25 अक्टूबर 2024 को खत्म हो चुका है। पिछला चुनाव बीएमएस से संबद्ध भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने सर्वाधिक वोट हासिल कर जीता था। मान्यता यूनियन चुनाव वर्ष 2022 से- 24 यानी दो वर्ष के लिए 30 जुलाई 2022 को हुआ था। लेकिन पांच महीने बीतने के बाद भी मान्यता यूनियन चुनाव नहीं होने से कर्मचारियों और यूनियन स्तर पर कई तरह की समस्याएं आ रही हैं। यूनियनों के मुताबिक प्रक्रिया के नाम पर चुनाव में विलंब कर्मियों के हितों को नुकसान हो रहा है। यूनियनों की मांग के बाद भी चुनाव अब तक चुनाव नहीं कराने से सीटू, लोइमू के बाद अब बीएकेएस यूनियन ने भी जल्द चुनाव कराने की मांग की है। बीएकेएस के महासचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि डीएलसी व प्रबंधन को पत्र लिखकर बीएसपी में यूनियनों के सदस्यता सत्यापन ( यूनियन चुनाव) पर अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है। पंद्रह दिन में जानकारी नहीं दिए जाने पर न्यायालय की शरण में जाने मजबूर होंगे।

### रुख स्पष्ट नहीं करने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने की बीएकेएस ने दी चेतावनी



### लंबित हैं कई बीएसपी कर्मचारियों के अनेक मुद्दे

वेज रीविजन एमओए, एएसपीएलआईएस (बोनस) फॉर्मूला में सुधार, निलंबित तथा स्थांतरित कर्मचारियों का मुद्दा , इंसेंटिव रिवार्ड राशि में सशोधन, एनजेसीएस में सुधार आदि समस्याएं लंबित हैं। आजादी के 78वें वर्ष के बाद भी यूनियन राजनीति में अभी तक स्पष्ट गाइडलाइन नही बनाई गई है। यूनियन के मुताबिक संसद, विधानसभा व स्थानीय निकाय के चुनाव भी समय पर आयोजित किए जाते हैं तो यूनियन चुनाव के लिए , पत्र लिखकर माँग करना होता है। जबकि नियोक्ता और श्रम विभाग को स्वतः संज्ञान लेकर चुनाव करवाना चाहिए।

### चुनाव में दर्जनभर यूनियनें लेंगी भाग

बीएसपी में यूनियन मान्यता चुनाव में पांच एनजेसीएस यूनियनों सहित इस साल दर्जनभर यूनियनें भाग लेंगी। इनमें दो नई यूनियनें भी शामिल हैं। आईडीएक्ट से अब तक चार बार चुनाव हो चुके हैं। इनमें दो मर्तबा सीटू, एक बार इंटक और एक दफा भिलाई इस्पात मजदूर संघ सर्वाधिक सदस्यता हासिल कर चुनाव जीत चुकी है। प्रतिभागी यूनियनों में उक्त के अलावा एटक, बीएमएस, लोइमू, एक्टू,बीडबल्यूयू, बीएकेएस, बीएसपी वर्कर्स यूनियन सहित 12 यूनियनें शामिल होंगी।

# दिव्यांग और बुजुर्गों के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



- विधायक रिकेश ने दिखाई हरी झंडी
- सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता एक और कदम

जिले में दिव्यांग, वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है। सुपेला घड़ी चौक से वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने हरीझंडी दिखाकर बस सेवा को शुरू किया। दिव्य रथ नाम से बस को सुबह साढ़े 10 बजे रवाना किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को कमर पट्टा, वाकिंग छड़ी और व्हील चेयर वितरण भी किया गया। रिकेश सेन ने कहा कि दिव्यांगजन और वृद्धजन के लिए निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की जा रही है। यह सेवा कॉम्पोजिट रीजनल सेंटर (सीआरसी) राजनांदगांव के माध्यम से संचालित होगी। इसके अंतर्गत प्रत्येक सप्ताह के मंगलवार और गुरुवार को निशुल्क बस दुर्ग-भिलाई से सीआरसी राजनांदगांव तक चलेगी। इससे हमारे दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा, पुनर्वास, परामर्श और अन्य आवश्यक सेवाओं का सहज रूप से लाभ उठा सकें। दिव्यांगजन कौशल विकास, पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के समेकित क्षेत्रीय केंद्र ठाकुर टोला राजनांदगांव में सीआरसी वर्ष 2016 से संचालित है। जहां का भौतिक चिकित्सा विभाग बिना दवा के विभिन्न मशीनों तथा व्यायामों से हर उम्र के लोगों को स्वास्थ्य लाभ देता रहा है। यहां स्नायु संबंधी बीमारी, जोड़ों का दर्द, अकड़न, हड्डी टूटने की अक्षमता आदि को दूर किया जाता है। सेन ने कहा कि यह केवल एक बस सेवा नहीं बल्कि एक सम्मानजनक जीवन की ओर बढ़ता एक और कदम है।

### जेपी नगर आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल होगा संचालित

भिलाई स्थित शासकीय स्कूल जेपी नगर कैंप-2 में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल इस सत्र से संचालित होगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी है। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बताया कि श्रमिक बाहुल्य इस क्षेत्र में शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह किया था। उन्होंने कहा था कि कैंप क्षेत्र के जेपी नगर में आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का सेटअप किया गया, मगर यहां आज पर्यंत अंग्रेजी माध्यम प्रारंभ नहीं किया जा सका था। इसलिए इसी सेटअप को व्यवस्थित कर इस सत्र से एडमिशन शुरू करना बेहतर होगा। नतीजतन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तत्काल आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जेपी नगर को प्रारंभ करने निर्देश दिए हैं। क्लास-1 से क्लास-12 तक लगभग 600 स्टूडेंट्स इसी सत्र से एडमिशन लेकर यहां शिक्षण का लाभ ले सकेंगे।

# खुर्सीपार क्षेत्र के 19 अवैध खटालों को हटाने नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में वार्ड 44 एवं 45 में धरम काटा में अवैध खटाल संचालित करने वालों को नोटिस भेजा है। यहां पर भारी मात्रा में गोबर व गंदगी इक्ट्ठा कर नाली में बहाया जा रहा था। जिससे नाली जाम हो रहा था। पानी निकासी में समस्या आ रही थी। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया था कि मौके पर जाकर निरीक्षण करवायें। निरीक्षण में यह पाया गया कि खटाल संचालक द्वारा अपने खटाल का गोबर, मल मूत्र, गंदगी एवं सड़ा हुआ भूसा को सड़क पर फैलाया जा रहा है। जिससे आस-पास के रहवासियों को परेशानी एवं गंदगी का सामना करना पड़ रहा था। 19 खटालों को नोटिस जारी किया गया कि अवैध खटाल जगह से हटा लें। सभी खटालों को गोकुल नगर में व्यवस्थापित किया जाएगा। समय अवधि के अंदर जो लोग खटाल नहीं हटाएंगे उनके ऊपर नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। प्राप्त अधिकारों के अनुसार रिहायशी क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा के अंतर्गत लोक न्यूसेंस फैलाने के कारण दण्ड प्रक्रिया की संहिता की धारा 133 के तहत अपराध दर्ज करने की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।



- औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने दिए थे निर्देश

# कविताओं, कहानियों और गजलों से जगाई चेतना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- काव्य संध्या में जुटे पुरानी पीढ़ी के साहित्यकार



शाम के धुधलके में बारिश की फुहारों के बीच जब कविताओं की भी शीतल बयार चली तो सभी साहित्य प्रेमी भावविभोर हो गये। किसी ने कविता तो किसी ने कहानी और किसी ने गजलों से पुरानी यादों को तरोताजा करते हुए चेतना जगाई। अवसर था श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर यादगार काव्य संध्या का। ट्विनसिटी के वरिष्ठ साहित्यकार इंद्रेन्दुशंकर मनु के निवास काव्यांगन परिसर रुआबांधा सेक्टर में जुटे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ व्यंग्यकार विनोद साव और विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त व्याख्याता और वरिष्ठ साहित्यकार इंदुशंकर मनु थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर साठ पार के साहित्यकारों ने अपनी संदेशपरक रचनाओं से पुराने दौर की गोष्ठियों और मेलमिलाप की यादें तरोताज कीं। कथाकार विजय वर्तमान ने अपनी कविताओं से प्रकृति और ग्राम्य परिवेश की खुशबू बिखेरी। उन्होंने इंदुशंकर मनु के काव्य संग्रह की कवितओं का भी पाठ किया। व्यंग्यकार रवि श्रीवास्तव ने घर और जिंदगी शीर्षक की कविताओं से घर की अहमियत बताई। सहदेव देशमुख ने अपनी कविता और इंदुशंकर मनु की कहानी तथा पुन्नू यादव ने भी काव्यपाठ किया। विमल शंकर झा विमल ने गजलें सुनाईं। विनोद साव ने अपनी व्यंग्य रचना खंडहरों की इबारत और कथाकार ऋषि गजपाल ने नक्सली दंश पर अपनी कहानी का पाठ किया। शिवनाथ शुक्ला ने भी कहानी सुनाई। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकारों ने भिलाई के पुराने दौर की साहित्यिक सक्रियता के माहौल की यादें भी साझा कीं। श्री साव ने कहा कि पहले का दौर आज के महानगरीय गोष्ठियों से अलग और अधिक सार्थक था।हमें पाठकों के संकट के दौर में अपनी सृजनात्मकता को बचाकर रखना है। श्री श्रीवास्तव ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम चेतना जगाने के साथ मेलमिलाप को भी प्रगाढ़ करते हैं। इस अवसर पर छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने वरिष्ठ साहित्यकार इंदुशंकर मनु का सम्मेलन की ओर से शाल व श्रीफल भेंटकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार विजय वर्तमान और आभार प्रदर्शन इंद्रेन्दुशंकर मनु ने किया। पूर्व में अतिथियों का स्वागत वीरनारायण वर्मा व प्रिया सिंह ने किया।




## सार्वजनिक उपक्रमों व मजदूरों के हक के लिए आवाज बुलंद करने का संकल्प

# औद्योगिक नगरी में गूंजा श्रमैव जयते, श्रमिक दिवस पर सम्मानित हुए मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई। श्रमैव जयते..। औद्योगिक नगरी भिलाई में आज गुरुवार को बारिश और अंधड़ के बीच श्रमिक दिवस की गूंज रही। विभिन्न कार्यक्रमों में श्रमिक संगठनों ने मजदूरों के समर्पण और योगदान की याद दिलाते हुए अपने हक की आवाज बुलंद की। सभी ने सार्वजनिक उद्योगों और कर्मियों पर कुठाराघात पर असंतोष जताते हुए हितों की रक्षा नहीं होने पर संघर्ष जारी रखने का संकल्प जताया। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के द्वारा सेक्टर 4 कार्यालय में बारिश में भीगते हुए मई दिवस कार्यक्रम मनाया गया। बीएसपी में उत्कृष्ट योगदान के लिए ठेका मजदूरो को मुख्य अतिथि छग इंटक के उपाध्यक्ष पीयूषकर द्वारा सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक उपक्रमों के साथ प्राइवेट कंपनियों में भी निर्मित कर्मचारियों की भर्ती बहुत कम होने से अधिकांश कार्य ठेका पद्धति या आउटसोर्सिंग से किए जाने के विरुद्ध आवाज उठाने के साथ इंटक नियमित कर्मचारियों के साथ ठेका श्रमिकों के लिए भी सुविधाओं एवं वेतन में बढ़ोतरी के लिए प्रयासरत है। यूनियन अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने स्वागत भाषण बीएसपी में 70% से अधिक योगदान देने वाले ठेका श्रमिकों के वेतन , सुविधाओं और सामाजिक सुरक्षा काम की गारंटी एवं सेवानिवृत्ति पश्चात पेंशन,आवास शिक्षा स्वास्थ्य में बेहतरी के लिए हमारी यूनियन संघर्ष कर रही है।




**इन ठेका श्रमिकों का सम्मान:** सुरेश दास टंडन ,कान्हाराम ,दौऊलाल यशवंतयादव ,मनहरण ,नारायण ,नरेंद्र कुमार, केशव यादव ,के रामू ,कामता प्रसाद पटेल, बलराम वर्मा ,टोमन लाल संजय कुमार खरवार कृष्ण वर्मा राजू रजक देवेंद्र कुमार महेंद्र,उत्तरा संजीव कुमारमानिकपुरी, ओमप्रकाश जय कुमार इंद्र मनी धर्मेंद्र चौरे का सम्मान किया गया। जोन 5 के अध्यक्ष राजेश चौधरी एवं एसीसी सीमेंट इंटक अध्यक्ष भुपेश सिह उपस्थित थे। उपाध्यक्ष सीपीवर्मा के द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में आरसी अग्रवाल, शेखर शर्मा, दीनानाथ, मनोहर लाल, गोविंद राठोर, आर दिनेश, गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, गुलाब दास रिकी, राम साहू जयराम ध्रुव डीपी खरे संतोष ठाकुर दमन लाल जय कुमार इंद्रमणि उपस्थित थे।

### लोईमू ने बोरिया गेट में मनाया मजदूर दिवस




लोकतांत्रिक इस्पात एवं इंजीनियरिंग मजदूर यूनियन लोईमू द्वारा मई दिवस बोरिया गेट में मनाया गया। यूनियन ने श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। एक मई 1886 को अमेरिका के शिकागो के मार्केट में 8 घंटे कार्य दिवस की मांग को लेकर शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे शहीद श्रमिकों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में चार श्रम संहिता, उद्योंगों के निजीकरण और कर्मियों को सुविधाओं में कटौती के खिलाफ संघर्ष तेज करने पर जोर दिया।

### संयुक्त श्रमिक संगठन सेल परिवार चौक से.1 में जुटा



संयुक्त श्रम संगठनों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर अंधड़ और अंधेरे के दौरान शाम 6 बजे से 7 बजे तक सेल परिवार चौक ,सेक्टर 6 में इंटक,सीटू ,एटक,ऐक्टू, लोइमू,एसडब्ल्यूयू और आदि संगठनों के द्वारा सभा का आयोजन किया गया। मजदूर आंदोलन के दौरान हुए शहीदों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई हुई। सभा में वक्ताओं ने मजदूर विरोधी श्रम कोड कानूनों और निजीकरण तथा ठेकेदारी की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129



02



कर्मा जयंती पर निकली ...


लाइव इवेंट

## जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप कल से



**भिलाई।** जिला स्तरीय मिनी सब जूनियर शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 3 मई को किया जाएगा। जिले के 110 खिलाड़ियों का मुकाबला चैंपियनशिप के लिए किया गया है। राज्य के अंडर 7,9,11 एवं अंडर 13 के दो बालक और दो बालिकाओं का चयन किया गया है। प्रतियोगिता 3 और 4 मई को आयोजित की जाएगी। 3 मई को सुबह 10 बजे कृष्णा विकास टेक्नो स्कूल की प्राचार्य निधि शर्मा और समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता का उद्घाटन किया जाएगा। इस अवसर पर लेखक डॉ. रौनक जमाल, समाजसेवी सुधीर अग्रवाल, इंटरनेशनल आर्बिटर अलंकार भिवगड़े, फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन उपस्थित रहेंगे। संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत और सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप अंतराष्ट्रीय नियम के अनुसार खेली जाएगी। चैंपियनशिप के सभी आयु समूह वर्गों के बालक, बालिका वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं तीसरे एवं चौथे स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मोमेंटो प्रदान किया जाएगा।

सिटी इवेंट

## उत्कल समाज की महिलाओं ने बांटा शरबत और चना




**भिलाई।** उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल समूह द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर सेक्टर 10 के सेंट्रल एवेन्यू में महिलाओं ने चना और शरबत वितरण किया। इस कार्यक्रम में समाज की एकजुटता पर जोर दिया। समाज की महिलाओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज की महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। इस अवसर पर उत्कल सांस्कृतिक महिला मंडल की अध्यक्ष संजू साहू, सचिव अनीता मिश्रा, कोषाध्यक्ष मिन्नती रथ, नमिता साहू, पुष्प लता, विजयलक्ष्मी साहू, सविता साहू, सविता नाहक सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी इवेंट

## नीट यूजी परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी, 4 मई को एग्जाम, जिले में बनाए गए 14 सेंटर

**दुर्ग।** एनटीए ने नीट यूजी की परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है। जबकि इसके पहले सिटी इंटीमेशन स्लिप के माध्यम से छात्र-छात्राओं को अपने परीक्षा शहर की जानकारी दी गई थी। वहीं आफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर जाकर अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें अपना एप्लीकेशन नंबर, पासवर्ड तथा कैप्चा कोड सबमिट करना होगा। इसके बाद एक पेड खुलेगा, जिसके माध्यम से नीट परीक्षा के एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यदि किसी छात्र को नीट यूजी के लिए एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कठिनाई हो रही है तो वे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही दिए गए मेल नंबर पर ईमेल भी कर सकते हैं। इस बार भी नीट यूजी की परीक्षा में ट्विनसिटी भिलाई से बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं शामिल होंगे। इस परीक्षा में हर साल छात्र-छात्राएं अच्छे रैंक हासिल कर न केवल ट्विनसिटी, प्रदेश को गौरवान्वित भी करते आए हैं। गत वर्ष भी नीट की परीक्षा में भिलाई के होनहारों ने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। एनटीए की ओर से परीक्षा का आयोजन पेन पेपर मोड में करवाया जायेगा। परीक्षा एक ही दिन और एक ही शिफ्ट में संपन्न होगा। जहा परीक्षा का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। दुर्ग-भिलाई के 14 सेंटरों में 4 मई को नीट की परीक्षा होगी। छात्र-छात्राएं परीक्षा सेंटर में स्टेशनरी का सामान, पर्स, हैंडबैग, खाद्य वस्तुएं पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही नीट परीक्षा में छात्र-छात्राओं को खासतौर से दिए गए निर्देश तथा ड्रेस कोड का पालन करना होगा। तभी उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

## दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज का अधिवेशन

**भिलाई।** दिल्लीवार-कूर्मि क्षत्रिय समाज का अधिवेशन 3 और 4 मई को बालोद के जगन्नाथपुर में आयोजित है। कार्यक्रम में गुंडरदेही विधायक कुंवर निषाद प्रमुख रूप से शामिल होंगे। विशेष रूप से समाज के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र हरमुख, मिथलेश देशमुख, जिला पंचायत सदस्य पूजा साहू, जनपद सदस्य दमयन्ती हरदेल, देवकुंवर कोसमा, भोला राम देशमुख, सुरेंद्र देशमुख मौजूद रहेंगे। समापन समारोह 4 मई को सुबह 9 बजे शुरू होगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, डॉ. राजेंद्र हरमुख, सांसद विजय बघेल, विधायक संगीता सिन्हा, बीजेपी अध्यक्ष चेमन देशमुख प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। आयोजकों ने बताया कि समाज की गंगा के इस महाकुंभ में स्वजातीय स्वजनों का मिलन होगा। वहीं विचारों के मंथन के साथ-साथ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान होगा। उद्घाटन समारोह 3 मई की सुबह 8 बजे से आयोजित है। सुबह 10 बजे कलश यात्रा निकलेगी।

● ट्विनसिटी में मराठी समाज की बहुलता, इस वजह से विशेष पूजा, श्रमिक दिवस पर कई कार्यक्रम

# महाराष्ट्र दिवस पर कुलदेवी तुलजाभवानी की पूजा, शिवाजी को किया याद, इधर मजदूर दिवस पर श्रमिकों का सम्मान

1 मई के दिन ट्विनसिटी में दो प्रमुख आयोजन देखने को मिले, पहला महाराष्ट्र दिवस पर महाराष्ट्र के लोगों ने कुलदेवी मां जगदंबा तुलजाभवानी की पूजा की। इस अवसर पर सेक्टर-7 स्थित मंदिर में विशेष आयोजन किया गया। आरती, भजन-कीर्तन के बीच विधि विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान माता की मान्यता और महाराज शिवाजी की वेशभूषा धरकर समाज के लोग मंदिर में पहुंचे। इधर मई दिवस पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें मजूदरों को सम्मानित किया गया। रिसाली निगम में सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। अन्य जगहों पर भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।





**भिलाई।** तुलजा भवानी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम को लेकर प्रशांत क्षीरसागर ने बताया कि देश संतों का देश है। छत्रपती शिवाजी महाराज मराठा साम्राज्य की देन है। वह महान शासक कुशल प्रशासक हैं। हम सब मिलकर महाराष्ट्र दिवस 65 वर्ष हो जाने के अवसर पर यह पर्व मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र दिवस स्वतंत्रता आंदोलन वीर पुरुष देशभक्त देश प्रेमी देशभक्त संतो महान सेनानियों को याद कर कोणती स्मृति में यहा दिवस मनाया जाता है। 1 मई को महाराष्ट्र दिवस मनाया जाता है। भाषाई आधार पर बॉम्बे पुनर्गठन अधिनियम लागू होने के बाद 1 मई 1960 को महाराष्ट्र अपने अस्तित्व में आया। बता दें कि 1960 से पहले, महाराष्ट्र बड़े बॉम्बे राज्य का हिस्सा था, जिसमें वर्तमान महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्से शामिल थे। इसके बाद तुलजा भवानी माता की पूजा-अर्चना शुरू की गई। इसके बाद से लगातार मई दिवस का आयोजन किया जाता है। इस बार ट्विनसिटी में महाराष्ट्र दिवस मनाया गया। इधर मजदूर दिवस पर शहर के लगभग सभी औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मजदूरों को सम्मानित किया गया।

## मजदूर दिवस पर मजदूरों की मेहनत और समर्पण का किया सम्मान



**भिलाई।** भिलाई के सेंट थॉमस महाविद्यालय में अर्थशास्त्र स्नातकोत्तर विभाग द्वारा मई दिवस पर गुरुवार को महाविद्यालय के सहायक कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राइट रेवरेंट फादर, डॉ. पीएस वर्गीज सेंट थॉमस कॉलेज के प्रशासक थे। महाविद्यालय के प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीज, प्राचार्य डॉ एमजी रॉईमोन एवं डीन एकेडमिक्स डॉ. देबजानी मुखर्जी ने कार्यक्रम की सराहना की एवं समस्त सहायक कर्मचारी को संबोधित करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. अपर्णा घोष ने मुख्य अतिथि, कर्मचारियों और कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया। साथ ही महाविद्यालय के समस्त सहायक कर्मचारियों को उनके मेहनत और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापको एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे।

## श्रमिकों के योगदान को किया याद समाजवादी नेता की मनाई जयंती



**भिलाई।** श्रमिक सभा के कार्यालय में श्रमिक दिवस के साथ प्रखर समाजवादी नेता मधु लिमये का जन्मदिन भी मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मधु लिमये के चित्र पर श्रमिक सभा के अध्यक्ष एचएस मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष प्रेम सिंह चन्देल, उपाध्यक्ष अशोक पंडा व महासचिव देवेन्द्र कुमार सिंह ने माल्यार्पण किया। लिमये के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। मिश्रा ने मई दिवस के अवसर पर कहा कि मई दिवस की शुरुआत काम के घण्टों को लेकर 1886 में शिकागो के मजदूरों ने आंदोलन प्रारंभ किया। उन साथियों की शहादत को याद कर उन्हें नमन किया गया, जिन्होंने श्रमिक एकता पर बल दिया। चन्देल ने भी श्रमिकों से एकजुट रह कर हर लड़ाई लड़ने पर जोर दिया। पर्यावरण की रक्षा के लिए कम से कम 5 पेड़ अवश्य लगाने की अपील की गई।

## वक्फ में नया संशोधन सामाजिक कल्याण और सुरक्षा को देता है बढ़ावा

■ वक्फ संशोधित अधिनियम 2025 पर परिचर्चा




**भिलाई।** वक्फ संशोधित अधिनियम 2025 की परिचर्चा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. जिंतेंद्र सिंह केंद्रीय विज्ञान व तकनीकी मंत्री थे। अध्यक्षता मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की। कार्यक्रम में वक्फ अधिनियम 2025 की जानकारी आम जनता को प्रेषित की। डॉ. जिंतेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 का संशोधन भविष्य की वक्फ संपत्तियों के लिए उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अवधारणा को समाप्त कर देता है। इस संशोधन में विरासत स्थलों की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने का प्रावधान है। आयोजन में चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री अजय भसीन विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। भसीन ने कहा कि इस जनजागरण को सभी व्यापारियों तक पहुचाने का कार्य चेम्बर द्वारा किया जाएगा। वक्फ संशोधन भारत मे वक्फ कानून का विकास वक्फ संपत्तियों को विनियमित और संरक्षित करने के चल रहे प्रयासों को दर्शाता है जो महत्वपूर्ण सामाजिक,धार्मिक और आर्थिक महत्व रखते है। चेम्बर इन जानकारी को आम व्यापारियों तक पहुंचाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में भिलाई के पार्षद पीयूष मिश्रा, शंकर सचदेव, सुनील मिश्रा, निरंकार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## दया सिंह को प्राइम ऑफ भिलाई अवार्ड से किया गया सम्मानित

**भिलाई।** बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह को प्राइम ऑफ भिलाई अवार्ड से सम्मानित किया गया। उन्होंने यह सम्मान उपमुख्यमंत्री अरुण साव के हाथों से प्रदान किया गया। दया सिंह ने कहा कि यह सम्मान बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति द्वारा निरंतर किए जा रहे आध्यात्मिक व सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना स्वरूप प्राप्त हुआ। यह सम्मान मेरे समिति के सभी सदस्यों के कठोर परिश्रम का प्रमाण है। इस अवसर पर शिक्षाविद् आईपी मिश्रा प्रमुख रूप से मौजूद थे।



भारत बना पशु चिकित्सा शिक्षा जगत का साक्षी, एक ऐतिहासिक कार्यक्रम में शोध प्रबंध हुए पुरस्कृत

# वेटनरी साइंस के 18 विषयों में हुए शोध को मिला सम्मान, 347 में 145 बेस्ट थीसिस का चयन, कामधेनु का विशेष योगदान

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन की महिला पशु चिकित्सक शाखा द्वारा पशु विज्ञान विश्वविद्यालय पटना के सहयोग से बेस्ट एमवीएससी और पीएचडी थीसिस अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। बिहार एग्रीकल्चरल मैनेजमेंट एंड एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट बामेती पटना में आयोजित इस कार्यक्रम में कामधेनु विश्वविद्यालय को भी शामिल होने का मौका मिला। आयोजन भारत में पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान के सभी 18 विषयों में उत्कृष्ट शोध कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने वाला पहला मंच था। डॉ. निधि रावत अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय संयोजक वीमेन वेट विंग आईवीए द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से महिला पशु चिकित्सकों के अकादमिक योगदान को पहचान देने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम होगा, जिनका समर्पण और परिश्रम अक्सर अनदेखा रह जाता है। इस आयोजन को देशभर से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली, गुरु अंगद देव पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, लुधियाना, तमिलनाडु पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान करनाल, केरल पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय, वायनाड, छत्तीसगढ़ कामधेनु विश्वविद्यालय, दुर्ग जैसे अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों से 347 थीसिस प्रस्तुत की गईं।




### 40 एक्सपर्ट्स के पैनल से सिलेक्शन के बाद हुआ चयन

40 प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के एक पैनल ने कठोर और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद 67 पीएचडी और 78 एमवीएससी थीसिस को बेस्ट थीसिस अवार्ड के लिए चयनित किया है। कई पीएचडी अवार्डी सहायक प्रोफेसर और आईसीएआर में वैज्ञानिक है जो शोध और शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसी प्रकार, अनेक एमवीएससी अवार्डी राज्य सरकार में पशुचिकित्सा एवं पशुपालन क्षेत्र में सेवाऐं प्रदान कर रहे है। इस आयोजन के प्रेरणा स्त्रोत डॉ. सुधीर कुमार, अध्यक्ष इंडियन वेटनरी एसोसिएशन का सतत प्रोत्साहन एवं दूरदृष्टि तथा डॉ. इंदरजीत सिंह, कुलपति, बिहार पशुविज्ञान विश्वविद्यालय पटना, का भरपूर सहयोग इस पहल की प्रेरणा रहे। डॉ. आनंद कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर, इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड, ने इस पहल को न सिर्फ इस वर्ष, बल्कि आने वाले वर्षों तक भी भारतीय पशुचिकित्सा संघ के साथ प्रायोजित करने का दायित्व भी लिया है।

### देशभर की 145 से ज्यादा महिला वेटनरी डॉक्टर हुए शामिल

इस आयोजन में पोल्ट्री इंडिया, सैफवेटमेड इंडिया, एजुकेटूज़ न्यूफी फाउंडेशन, केमिन, इन्टास, और वीर्बैक जैसे प्रमुख औद्योगिक भागीदारों का सहयोग मिला। इस समारोह में कश्मीर से केरल, त्रिपुरा से गुजरात तक प्रत्येक राज्य से 145 महिला पशुचिकित्सकों की भागीदारी रही। यह इंडियन वेटरनरी एसोसिएशन की महिला शाखा पर देशभर में बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। बेस्ट थीसिस अवार्ड सेरेमनी भविष्य में भी केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक परिवर्तनकारी आंदोलन बनेगा, जो अकादमिक उत्कृष्टता एवं नवीन शोध कार्यो का उत्सव मनाएगा, महिलाओं को सशक्त करेगा और भारत में पशु चिकित्सा अनुसंधान के भविष्य को आकार देगा।



**सिटी इवेंट**

## सर्व समाज के संरक्षक सदस्य बने राजकुमार और सुरेश ठाकुर



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के संरक्षक सदस्यता प्रदान की गई। इसमें रोजगार कार्यालय के उपसंचालक राजकुमार कुर्रे, उद्यानिकी विभाग के सुरेश ठाकुर को छत्तीसगढ़ सर्व समाज संगठन के संरक्षक सदस्य बनाया गया। प्रदेश अध्यक्ष मेघनाथ यादव, प्रदेश संयोजक ब्रह्म देव पटेल, प्रदेश उपाध्यक्ष अनुरुप साहू, संत कुमार केशकर, घनश्याम देवांगन, भिलाई अध्यक्ष चंदूलाल मरकाम, प्रदेश मीडिया प्रभारी डीपी देशमुख, दुर्ग संभाग अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ भानूप्रताप यादव ने संगठन की ओर से शुभकामनाएं दी।

**हेल्थ लाइव**

## खुर्सीपार में स्वास्थ्य शिविर कल एम्स के डॉक्टर्स देंगे सेवाएं

- 30 से अधिक विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम करेगी जांच, आंखों की जांच के लिए उपलब्ध रहेगी विशेष वैन

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई के खुर्सीपार में 3 मई को वृहद स्वास्थ्य शिविर आयोजित है। इसकी तैयारियां अंतिम चरण में है। यह शिविर एम्स रायपुर आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। इसमें भिलाई और आसपास के नागरिकों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श और जांच की सुविधा प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम की संयोजिका और प्रभारी स्वाति साहू ने बताया कि शिविर के प्रति लोगों में उत्साह है। शिविर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल श्रीराम चौक बालाजी नगर खुर्सीपार में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जाएगा। शिविर में एम्स रायपुर के करीब 30 विशेषज्ञ डॉक्टर की टीम मौजूद रहेगी, जो हड्डी रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, चर्म रोग, जर्नल मेडिसीन, जरनल सर्जन, नाक-कान-गला रोग का इलाज करेंगे। साथ ही साथ आनंद सक्सेना नेत्र रोग विशेषज्ञ आंखों की जांच करेंगे। उनकी आई वैन, रूंगटा कॉलेज से डेंटल वैन, ब्लड परीक्षण टीम समेत अन्य बीमारियों की जांच कर विशेषज्ञ परामर्श देंगें। प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने भी इस पहल की सराहना करते हुए अपना मार्गदर्शन दिया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स और अनेक सामाजिक संगठनों ने भी शिविर में सहभागिता दी है। कार्यक्रम सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष मनीष पांडेय का भी विशेष सहयोग मिल रहा है। इस अवसर पर एम्स रायपुर के सीईओ डॉ. अशोक जिंदल, वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. आनंद सक्सेना अपनी टीम के साथ शिविर में उपस्थित रहेंगे। साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, गजेंद्र यादव, ललित चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्ग महापौर अलका बघमार सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

**स्पोर्ट्स इवेंट**

## नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में एमजीएम ने जीते 14 स्वर्ण



**भिलाई।** हरिद्वार में आयोजित 7वीं आईएसएफ नेशनल कराटे चैंपियनशिप में एमजीएम पब्लिक स्कूल के 14 खिलाड़ियों ने भाग लिया। काता और कुमिते इवेंट में उन्होंने 14 स्वर्ण पदक और 14 रजत पदक प्राप्त किए। इसके अलावा 2 खिलाड़ियों ने सुपर गोल्ड में भाग लेकर 10-10 ग्राम के चांदी के बिस्किट जीती। पूरे इवेंट में रनर-अप ट्रॉफी हासिल की। टीम कोच सेंसई रंजन डे सर ने अपनी बात रखते हुए कहा कि इस इवेंट में 17 राज्यों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें एसएसबी के जवानों की टीम ने भी भाग लिया। बच्चों का यही उत्साह देखकर एमजीएम पब्लिक स्कूल की प्राचार्या एसी वर्गीस ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

**समाज इवेंट**

## सिंधी पंचायत को मिलेगा नया अध्यक्ष, चुनाव 12 मई को

**भिलाई।** राम सिंधी पंचायत वैशाली नगर के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव 12 मई सोमवार को होगा। महासचिव श्री राम सिंधी पंचायत के नए कार्यकाल हेतु नए अध्यक्ष का चुनाव पंचायत के सदस्य करेंगे। चुनाव 12 मई को सिंधु भवन सुंदर नगर में होगा। चुनाव से पूर्व समाज के सभी सदस्यों की आ आम बैठक भी आयोजित की गई है। 5 मई को आयोजित आम बैठक में सभी सदस्य अपने विचार रख सकेंगे। चुनाव के संबंध में बताया गया कि हेमन कुमार नागदेव एवं श्री गोविंद धनवानी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। चुनाव अधिकारी हेमन नागदेव ने बताया कि समाज के चुनाव में पंचायत के सदस्य को मतदान का अधिकार रहेगा।एक परिवार से एक सदस्य को मतदान का अधिकार होगा। 5 मई से 7 मई तक अध्यक्ष पद हेतु नामांकन आमंत्रित है।नाम वापसी की तारीख 8 मई रहेगी व 12 मई को चुनाव होंगे। चुनाव संबंधी बैठक में घनश्याम बक्तनि, दिलीप पवांनी, अर्जुन सचदेव, रमेश पवानी, धर्म दास बत्रा, जय गेहानी, डॉ. हेमंत अम्बवानी, राम चुंगनी उपस्थित थे।

**दुर्ग-भिलाई में जगह-जगह तीन दिवसीय आयोजन, शोभायात्रा भी निकली**

# भगवान परशुराम की जयंती पर सहस्त्रधारा अभिषेक, सफाई मित्रों का सम्मान, सामूहिक आरती में शामिल हुआ सकल ब्राह्मण समाज





भिलाई। परशुराम जयंती पर सनातनी संगठनों और ब्राह्मण समाज ने अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर भगवान परशुराम को सहस्त्रधारा अभिषेक किया गया। सामाजिक संगठनों की तरफ से सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसके अलावा सकल समाज ने सामूहिक आरती की, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लिए शामिल हुए। खुर्सीपार स्थित आईटीआई के पीछे भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में संपन्न हुआ। गत वर्ष स्थापित भगवान परशुराम की विशाल प्रतिमा के समक्ष आयोजित इस कार्यक्रम में सकल ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजनांदगांव से सांसद संतोष पांडे, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय कार्यक्रम में मौजूद थे। शंकराचार्य एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन आईपी मिश्र एवं शकुंतला ग्रुप ऑफ स्कूल्स के संचालक संजय ओझा विशेष रूप से मौजूद थे। परशुराम सेवा समिति के संयोजक पीयूष मिश्रा ने कहा कि वे केवल ब्राह्मणों के आराध्य नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सनातन धर्म के ध्वजवाहक थे। उन्होंने वामपंथियों द्वारा फैलाए गए उस भ्रांतिपूर्ण विचार का खंडन किया, जिसमें कहा गया कि भगवान परशुराम ने 21 बार क्षत्रियों का संहार किया। भगवान परशुराम ने उन शासकों का विनाश किया जो समाज का शोषण करते थे, जबकि धर्म और न्यायप्रिय शासकों को भूमि दान में देकर स्वयं कभी शासन नहीं किया। प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज का कर्तव्य है कि वह समाज को शिक्षा प्रदान कर उसे उचित दिशा में अग्रसर करे। संतोष पांडे ने भगवान परशुराम के जीवन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज से आग्रह किया कि वह एकजुट होकर सनातन धर्म की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रयासरत रहे। इस अवसर पर विजय शर्मा, रामलखन मिश्र, संतोष दीक्षित, रवींद्र मिश्रा, सुरेंद्र दुबे, अभिषेक मिश्रा, शुभम झा, रामजन्म उत्सव समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पांडे, विष्णु पाठक, महेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।

### मैत्री नगर में परशुराम जन्मोत्सव पर सफाई मित्रों का सम्मान




भगवानपरशुराम के जन्मोत्सव समारोह में परशुराम चौक मैत्री नगर में प्रमुख सनातनी संगठनों के साथ निगम के सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। परशुराम विप्र सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वावधान में दो दिवसीय भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह मनाया गया। प्रथम दिवस महाराष्ट्रीयन ब्राह्मण जागृति सभा द्वारा भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा गजानन मंदिर हुडको सेक्टर से निकाली गई। मैत्री नगर रिसाली में परशुराम विप्र सेवा समिति के संयोजक अनिल मिश्रा के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना, महाआरती की गई। दूसरे दिन सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में गंगाजली एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष एवं शंकराचार्य यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति आईपी मिश्रा, रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, श्रीकांत द्विवेदी, गिरिजा शंकर पांडेय सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर योग साधना एवं सांस्कृतिक केंद्र मैत्री नगर के योगाचार्य बीएन सिंह, मारुति मानस मंडल के भजन गायक पंडित पाठक, पं. कुशल सहित वादकों का सम्मान किया गया।

### सरयूपारीण महिला ब्राह्मण...



**दुर्ग।** सरयूपारीण महिला ब्राह्मण समाज द्वारा नाना-नानी पार्क सिविल लाइन के पास स्थित शनि मंदिर में भगवान परशुराम की जयंती पूरे श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई गई। यह आयोजन महिला ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष संगीता शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम भगवान परशुराम की विधिवत पूजा अर्चना की गई। इसके बाद अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर गुड्डा-गुड़िया के विवाह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त व्याख्याता मीना शर्मा का सम्मान किया गया। इसके अंतर्गत गर्मी के मौसम में पक्षियों के पानी की व्यवस्था के लिए 51नग सकोरे का वितरण किया गया। जयंती पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। महाप्रसादी ग्रहण करने लोग बड़ी संख्या में जुटे। अंत में कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देकर आतंकवादियों की कायराना हरकत की निंदा की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष संगीता शर्मा, सचिव किरण मिश्रा, उपाध्यक्ष अपर्णा तिवारी, सरिता मिश्रा, कोषाध्यक्ष तनु मिश्रा, रानी उपाध्याय, ममता तिवारी, वरिष्ठ सदस्य अनीता तिवारी आदि मौजूद थे।

### परशुराम जन्मोत्सव पर की गई महाआरती और चालीसा पाठ



**दुर्ग।** दुर्गा मंदिर में भगवान विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम का प्रगटोत्सव मनाया गया, जिसमें विशेष पूजा का आयोजन हुआ। समिति के सोनल सेन में बताया कि कार्यक्रम में सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी पं. सुनील पांडेय ने परशुराम की सक्षिप्त कथा का व्यख्यान किया। संगीतमय परशुराम चालीसा पाठ भी हुआ। शाम के समय महाआरती भी हुई, जिसमें सभी उपस्थित धर्मप्रेमी अपने हाथों में पूजा थाल लेकर आरती की। आरती के बाद मंत्रोच्चार के पुष्पांजलि की गई। अंतमें खिचड़ी और लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर चारों वेदों और शस्त्रों की पूजा की गई। सभी ने दीप प्रज्वलित कर महाआरती में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रतिभा सुरेश गुप्ता, पार्षद कुलेश्वर साहू, पार्षद घनश्याम पंड्या, नरेंद्र शर्मा, चन्दू शर्मा, राजेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

**साहू समाज का आयोजन...**

## कर्मा जयंती पर निकली कलश यात्रा, प्रतिभावान का हुआ सम्मान



**भिलाई।** केम्प 2 में मां कर्मा जयंती और प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इससे पहले कलश शोभायात्रा निकाली गई। साथ ही समाज की एकजुटता पर जोर दिया गया। नैतिक शिक्षा के साथ संस्कार से समाज उन्नत होगा। क्षेत्रीय साहू मित्र सभा ने जेपी नगर साहू सामुदायिक भवन में मां कर्मा जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। विशेष रूप से विजय साहू, तुलसी साहू, हरिद्वारिका साहू, मुन्ना साहू, मंजूषा साहू उपस्थित थे। अध्यक्षता अध्यक्ष साहू मित्र सभा के खेदराम साहू ने की। समारोह की शुरुआत विशाल कलश यात्रा के साथ हुई। यात्रा जेपी नगर, संतोषी पारा, मिलन चौक, गांधी चौक, दुर्गा पारा व शारदापारा होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। अतिथियों ने मां कर्मा की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर समाज सहित प्रदेश के लोगों की सुख-शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सांसद बघेल ने कहा कि मां कर्मा न केवल साहू समाज अपितु पूरे मानव समाज की प्रेरणादायी व ममतामयी मां है। उनके मार्गदर्शन में समाज आगे बढ़ रहा है। साहू समाज बिना भेदभाव के प्रदेश की उन्नति में साथ दे रहा है। आज वे साहू समाज के सहयोग से ही लोकसभा सांसद के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं।तुलसी साहू ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा, संस्कृति व मातृभाषा का ज्ञान जरूर दें। समाज के लोग किसी भी विचारधारा के हो लेकिन हम सबको समाज हित में एकजुट होना चाहिए। अतिथि विजय साहू ने समाज को सही दिशा की ओर ले जाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को रमेश साहू, खेदराम साहू, मंजूषा साहू आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कबीर साहू, अरूण साहू, प्रेमचंद साहू, कृपा राम साहू, केशव साहू, होमिन साहू, गीता बाई, रामनरेश, चुम्मन, लखन लाल सहित अन्य मौजूद थे।

## सदा शिव परमात्मा से आत्मा का गहरा संबंध, उनके बच्चे के रूप में अनुभव करें



**भिलाई।** सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में मुंबई उल्लासनगर से आईं ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने गहन राजयोग साधना और परमपिता परमात्मा शिव से सर्व संबंध जोड़ने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि पिता परमात्मा शिव से ही हमें आध्यात्मिक वरसे की प्राप्ति होती है, अन्य किसी से नहीं। हमारे चारों ओर देहधारी है, जिनसे हम अपेक्षाएं रखते हैं जो पूरी नहीं होने पर निराश मायूस हो जाते है। परमधाम स्थित सदा शिव परमात्मा से आत्मा का गहरा संबंध जोड़कर, स्वयं को उनके बच्चे के रूप में अनुभव करते हुए, समस्त जिम्मेदारियों को ट्रस्टी भाव से सौंप देना चाहिए। यही आत्मा को सदा प्रसन्न, निर्भय और शक्तिशाली बनाता है। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता और एकमतता की शक्ति ही परमात्मा शिव को इस संसार में प्रत्यक्ष करने का माध्यम बनेगी। जब हम सभी एक संकल्प में स्थिर होते हैं, तभी दिव्य कार्यों में सफलता सुनिश्चित होती है। जीवन में समय और शक्तियों के व्यर्थ से बचने के लिए अटेंशन आवश्यक है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्मावत्स सजीव अनुभवों व प्रेरणादायी वचनों से लाभान्वित हुए।

**कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज में विकास के बढ़ते क्रम को लेकर हुआ मंथन**

**कार्नर न्यूज**

# सिंधु घाटी सभ्यता के समय से भारत की टाउन प्लानिंग रही उत्कृष्ट, गांवों की बसाहट भी व्यवस्थित

**भिलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स इंडिया के भिलाई स्थानीय केंद्र एवं कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में एक तकनीकी परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय विकास के बढ़ते क्रम और नवा रायपुर की योजना एवं अधोसंरचना एक रोल मॉडल था। रेरा सदस्य और आईएएस धनंजय देवांगन प्रमुख रूप से मौजूद थे। मुख्य वक्ता के रूप में मुख्य अभियंता सलिल राय श्रीवास्तव और सीएसवीटीयू के कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा उपस्थित थे। धनंजय देवांगन ने कहा कि भारत में सिंधु घाटी की सभ्यता के समय से ही बसाहट को योजनाबद्ध तरीके से किया जाता था। टाउन प्लानिंग बहुत ही उत्कृष्ट थी। उन्होंने कहा कि बाद में भारत गांवों में विकसित हुआ और तब भी प्राचीन ग्राम सुव्यवस्थित थे। बाद के विकास क्रम में ग्रामीण क्षेत्रों से प्लानिंग हटा दी गई, क्योंकि लोग छोटे-छोटे गांव में रहने लगे। उन्होंने कहा कि इसके बाद कि विकास यात्रा में शहरों में भी टाउन प्लानिंग को उपेक्षित कर दिया गया। इसका नतीजा बड़े बड़े शहरों में भी संकुचित गलियां हैं।



### पीपीटी के माध्यम से मॉडल प्लांट सिटी की दी जानकारी

सलिल राय श्रीवास्तव ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एक मॉडल प्लांड सिटी में किए जाने वाले सभी कार्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया। श्रीवास्तव ने बताया कि नवा रायपुर में ट्रांजिट आधारित विकास को प्रमुखता दी गई है, जिसमें आवासीय, वाणिज्यिक और अन्य सुविधाएं ट्रांजिट स्टेशन के करीब हों, जिससे लोग आसानी से इन सभी इकाइयों तक पहुंच सके। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में सौर उर्जा को भी प्रथमिकता दी जा रही है। अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम के पानी को एसटीपी में उपचार के बाद बागवानी एवं ग्रीन एरिया को बनाए रखने में उपयोग किया जा रहा है। श्रीवास्तव ने बताया कि नवा रायपुर में आईटी कंपनी के विकास हेतु अनुकूल वातावरण है। अभी कुछ इकाइयों को स्थान भी प्रदान किया गया है, जिसमे वर्तमान में लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि नवा रायपुर में मॉडल टाउन की प्लानिंग के सभी विश्वस्तरीय मानदंडों को अपनाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित श्रोताओं और छात्रों के प्रश्नों का समाधान भी किया। देवांगन ने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार आज सिविल इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम से भी टाउन प्लानिंग विषय को हटा दिया गया है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि सही मायने में देखा जाए तो अविभाजित मध्यप्रदेश में भिलाई की बसाहट योजनाबद्ध तरीके से हुई है। जगदलपुर शहर कुछ मानकों में योजनाबद्ध विकास को प्रतिबिंबित करता है। देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ कि स्थापना के बाद नवा रायपुर एक योजनाबद्ध तरीके से विकसित हो रहा है, जो भविष्य में भारत का एक बेहतरीन शहर होगा।

### करियर संवारने के लिए पहले से कार्य क्षेत्र की जानकारी आवश्यक

डॉ. अंकित अरोरा ने अपने छात्र जीवन के बारे में इंजीनियरिंग विद्यार्थियों को अपना अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि कैसे विद्यार्थी पहले से ही तैयारी कर, अपने कार्य क्षेत्र की जानकारी लेकर अपने भविष्य को संवार सकते हैं। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स भिलाई शाखा के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने इंजीनियरिंग समुदाय एवं राष्ट्र के विकास में द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा तकनीकी ज्ञान के आदान प्रदान के माध्यम से किये गए योगदान को विद्यार्थियो से साझा किया। संस्था के चेयरमैन आनंद कुमार त्रिपाठी ने कहा कि नवा रायपुर के विकास में केपीएस ग्रुप ने भी योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में प्रथम स्कूल के.पी.एस. ग्रुप का है जो कि अंतर राष्ट्रीय मापदंडों पर बना है। डायरेक्टर डॉ. वायआर कटरे ने गीता के श्लोक के माध्यम से सभी विद्यार्थियों को अपने छात्र जीवन में हमेशा आगे बढ़ने एवं अपने कौशल क्षमता को बढ़ाते रहने के लिए उन्हें प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ. श्वेता चौबे, पूर्व अध्यक्ष बीपी यादव, शिखर तिवारी, प्राचार्य अजय तिवारी, उप प्राचार्य रविन्द्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## ज्योतिष

# यह छोटी सी आदत हो सकती है आपके आर्थिक संकट का कारण



घर की सुख-शांति और समृद्धि के लिए वास्तु शास्त्र का पालन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह केवल एक प्राचीन शास्त्र नहीं, बल्कि जीवन को एक सकारात्मक दिशा में बदलने का एक आसान और प्रभावी तरीका है। छोटे-छोटे बदलाव, जैसे कि बिस्तर के नीचे कुछ वस्तुएं न रखना, घर की ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित कर सकते हैं। वास्तु के अनुसार, सही दिशा में ऊर्जा का प्रवाह न केवल आपके घर की आर्थिक स्थिति को सुधारता है, बल्कि जीवन में शांति और सुख भी लाता है।

हालांकि, हम में से कई लोग अनजाने में ऐसी छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जो घर में नकारात्मकता और धन के अभाव का कारण बन सकती हैं। एक ऐसी ही गलती है बिस्तर के नीचे वस्तुएं रखना, विशेषकर पैसे, आभूषण, और चाबियां। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ये वस्तुएं घर की समृद्धि में विघ्न डाल सकती हैं। आइए जानते हैं उन तीन चीजों के बारे में, जिन्हें बिस्तर के नीचे रखना आपके लिए नुकसानदायक हो सकता है।

### पैसे और पर्स रखना

वास्तु के अनुसार, बिस्तर के नीचे पैसे या पर्स रखना अच्छा नहीं माना जाता है। यह आदत आर्थिक संकट को बुला सकती है, क्योंकि जब हम सोते समय बिस्तर के नीचे पैसे रखते हैं, तो ऐसा माना जाता है कि इससे लक्ष्मी माता का आशीर्वाद दूर हो जाता है। इससे धन की आवक पर असर पड़ता है और जीवन में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, पैसे और पर्स को हमेशा एक सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, ताकि घर में समृद्धि बनी रहे।

### आभूषण और कीमती चीजें

अगर आप सोने-चांदी के आभूषण या किसी कीमती चीज़ को बिस्तर के नीचे रखते हैं, तो यह भी वास्तु के हिसाब से ठीक नहीं है। इस आदत से घर में नकारात्मकता और तनाव बढ़ सकता है। आभूषणों को तिजोरी या किसी सुरक्षित स्थान पर रखना चाहिए, ताकि धन और सुख की देवी, मां लक्ष्मी का आशीर्वाद आपके घर पर बना रहे। बिस्तर के नीचे गहनों को रखना घर में बाधाओं का कारण बन सकता है, जिससे जीवन में परेशानियाँ आ सकती हैं।

### चाबियां रखना

बहुत से लोग अपनी घर, कार या तिजोरी की चाबियां बिस्तर के नीचे रखते हैं, लेकिन वास्तु के अनुसार, यह आदत भी गलत है। चाबियां बिस्तर के नीचे रखने से घर में आर्थिक समस्याएं आ सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि इससे धन की कमी और वित्तीय संकट बढ़ सकता है। इसलिए, चाबियों को हमेशा एक सुरक्षित और उपयुक्त स्थान पर रखें, ताकि घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे।

# शरीर के इन अंगों पर तिल का होना माना जाता है अशुभ

सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, शरीर पर मौजूद तिल हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाते हैं, जो हमारे व्यक्तित्व और भविष्य के बारे में महत्वपूर्ण संकेत प्रदान करते हैं। कुछ तिल शुभ होते हैं, जबकि कुछ अशुभ परिणाम दे सकते हैं। आइए जानते हैं सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, शरीर के किन हिस्सों पर तिल का होना हमारे लिए अशुभ हो सकता है और इसके क्या अर्थ होते हैं।

### नीचे होंठ पर तिल



जिन लोगों के नीचे होंठ पर तिल होता है, उनका स्वभाव सामान्यतः भावुक और गुस्सैल हो सकता है। ऐसे लोग पैसों की तंगी का सामना कर सकते हैं और उन्हें जीवन में काफी संघर्ष करना पड़ सकता है। यह तिल यह भी संकेत देता है कि इन लोगों को अपनी सेहत पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं आ सकती हैं। ऐसे लोग बहुत रोमांटिक होते हैं, लेकिन सफलता प्राप्त करने के लिए उन्हें काफी मेहनत करनी पड़ती है। इस तिल के कारण, भविष्य में शारीरिक समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं।

### कमर पर तिल

कमर पर तिल होने का मतलब है कि व्यक्ति का मन कभी शांत नहीं रहता। ऐसे लोग हमेशा किसी न किसी चीज के बारे में सोचते रहते हैं, जिससे उनका मानसिक तनाव बढ़ सकता है। इस तिल वाले लोगों को सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन वे अक्सर आराम करना पसंद करते हैं और काम में देर कर सकते हैं। इनके जीवन में लगातार संघर्ष और समस्याएं आती रहती हैं, जिनका सामना करने में इन्हें कठिनाइयां होती हैं।

### बाएं ओर की पीठ पर तिल

जिन लोगों के जो लोग बाएं ओर की ओर पीठ पर तिल होता हैं, उन्हें अपनी वित्तीय स्थिति को संतुलित करने में कठिनाई हो सकती है। ये लोग धन तो कमाते हैं, लेकिन खर्च भी अधिक करते हैं, जिससे भविष्य में पैसे की कमी हो सकती है। इनका स्वभाव जिद्दी होता है और यदि ये किसी काम को करने का निर्णय लेते हैं, तो उसे पूरा करके ही छोड़ते हैं। यह तिल यह दर्शाता है कि ये लोग कड़ी मेहनत से धन कमाते हैं, लेकिन अपनी सुख-सुविधाओं पर अधिक खर्च करते हैं।

## लगभग हर 1 लाख लोगों में से 100 को हो सकता है स्किन कैंसर


# इस एक उपाय से स्किन और कोलोरेक्टल कैंसर दोनों का कम हो सकता है खतरा

कैंसर वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। सभी उम्र के लोग इसका शिकार देखे जा रहे हैं। आमतौर पर हम सभी स्तन-फेफड़े, पेट और लिवर कैंसर के बारे में तो अक्सर चर्चा करते रहते हैं, पर इन सबसे इतर त्वचा कैंसर (स्किन कैंसर) के मामले भी साइलेंटली बढ़ते जा रहे हैं। यूरोपीय देशों में स्किन कैंसर के मामले अधिक आम हैं, पर अब भारतीय आबादी भी इसका तेजी से शिकार हो रही है। आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में विशेषकर उत्तरी और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में त्वचा कैंसर, विशेष रूप से मेलेनोमा के मामले अधिक हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के डेटा के अनुसार इन क्षेत्रों में प्रति एक लाख पुरुषों पर 1.62 और महिलाओं पर 1.21 मामले मेलेनोमा के हैं। कुल मिलाकर, आईसीएमआर का अनुमान है कि भारत में 14 लाख से अधिक कैंसर के मामले हैं, जिनमें से लगभग हर 1 लाख लोगों में से 100 को स्किन कैंसर हो सकता है।



### कोलोरेक्टल कैंसर का भी कम होता है जोखिम

इसी तरह जर्नल न्यूट्रिएंट्स में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन के अनुसार, विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा 58% तक कम कर सकता है। यह कैंसर खासतौर पर युवाओं में तेजी से बढ़ रहा है।शोधकर्ताओं ने विटामिन डी और कोलोरेक्टल कैंसर पर हुई 50 अध्ययनों का विश्लेषण किया है। जिन लोगों में विटामिन डी का स्तर सबसे ज्यादा था उनमें कैंसर का खतरा 25% तक कम पाया गया। शोधकर्ताओं के मुताबिक विटामिन डी इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है, जिससे आप कैंसर से बचाव कर सकते हैं।



### आहार में बढ़ाएं विटामिन-डी की मात्रा


*स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, 19-50 वर्ष तक की आयु वालों को नियमित रूप से 15 माइक्रोग्राम विटामिन-डी की आवश्यकता होती है। आहार के माध्यम से विटामिन-डी की आवश्यकताओं की आसानी से पूर्ति का जी सकती है। वसायुक्त मछली, फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थ और नट्स-सीड्स से इसकी आसानी से पूर्ति हो सकती है। सूर्य की रोशनी इसका प्रमुख स्रोत है। जिन लोगों को विटामिन-डी की गंभीर कमी होती है उन्हें डॉक्टर इसके सप्लीमेंट्स की सलाह देते हैं। हालांकि खुद से किसी भी प्रकार के सप्लीमेंट्स से बचना चाहिए।*

### विटामिन-डी वाली चीजें कैंसर से बचाव में लाभकारी

अध्ययनकर्ताओं ने बताया कि विटामिन-डी सिर्फ हड्डियों और इम्यून सिस्टम के लिए ही नहीं, बल्कि स्किन कैंसर से बचाव में भी अहम भूमिका निभा सकता है। यह स्प्लीन और लिम्फ नोड्स जैसे अंगों की कार्यक्षमता बढ़ाता है और टी-सेल्स को एक्टिव करता है, जो संक्रमण व कैंसर से बचाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि त्वचा कैंसर के जोखिम को कम करने में विटामिन-डी की संभावित भूमिका बहुआयामी है, जो मुख्य रूप से कोशिका वृद्धि, कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकने और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने से जुड़ी है। यह कैंसर कोशिकाओं को मारने वाले तंत्रों को ट्रिगर करके, हानिकारक कोशिकाओं की वृद्धि को रोककर और सामान्य कोशिका विकास को बढ़ावा देकर आपको घातक बीमारी से बचाने में मददगार हो सकती है।

### स्किन कैंसर और इसका खतरा


त्वचा कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें त्वचा की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं, ये संभावित रूप से शरीर के अन्य हिस्सों पर भी अटैक कर सकती हैं। अधिकांश त्वचा कैंसर सूर्य के पराबैंगनी (यूवी) विकिरण के अधिक संपर्क में आने से होते हैं। मेलेनोमा सबसे आम प्रकार का स्किन कैंसर हैं। मेलेनोमा सबसे खतरनाक प्रकार का स्किन कैंसर है, जो त्वचा में रंगद्रव्य पैदा करने वाली कोशिकाओं मेलानोसाइट्स से उत्पन्न होता है। तमाम प्रकार के कैंसर के खतरे को कैसे कम किया जा सकता है, इसको समझने के लिए वैज्ञानिकों की टीम ने एक अध्ययन में पाया कि अगर आप आहार या डॉक्टर की सलाह पर सप्लीमेंट्स के रूप में विटामिन-डी की मात्रा बढ़ा देते हैं तो इससे स्किन और कोलेरेक्टल कैंसर दोनों के खतरे को 55 फीसदी तक कम किया जा सकता है।



# खाना खाने के तुरंत बाद भूल से भी न करें ये पांच काम सेहत को होते हैं बड़े नुकसान

भोजन का सीधा असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। पौष्टिक आहार का सेवन करने से शरीर को ऊर्जा मिलती है। यह शरीर को काम करने, बढ़ने और स्वस्थ रहने के लिए आवश्यक पोषक तत्व प्रदान करता है। ऐसे में जैसा भोजन आप करते हैं, वैसा ही स्वास्थ्य लाभ मिलता है लेकिन कुछ खराब आदते हैं जो पौष्टिक आहार के सेवन के बाद भी शरीर पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। यह आदते खाने के बाद की होती है।

आप चाहे जितने पौष्टिक आहार का सेवन कर लें लेकिन अगर खाने के बाद कुछ आदतों को नहीं बदलेंगे तो पाचन तंत्र पर दुष्प्रभाव होगा। अक्सर हम अनजाने में कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो पेट की गड़बड़ी से लेकर गंभीर बीमारियों तक की वजह बन सकती है। भोजन के बाद सही आदतें अपनाकर आप पाचन तंत्र को मजबूत रख सकते हैं और स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। इस लेख में आपको ऐसी बात गलतियां बताई जा रही हैं जो आमतौर पर लोग खाना खाने के बाद करते हैं, जिसका बुरा असर उनकी सेहत पर पड़ता है।



### तुरंत पानी पीना

कुछ लोग खाना खाने के तुरंत बाद पानी पीते हैं। इससे पाचन क्रिया बाधित होती है। अगर आप खाना खाने के तुरंत बाद पानी पिएंगे तो खाना पचने में समय ज्यादा लगता है और एसिडिटी व ब्लोटिंग की समस्या हो सकती है। सही तरीका है कि खाने के लगभग 30 मिनट बाद ही पानी पिएं। अगर बहुत प्यास लगे तो गुनगुना पानी बहुत कम मात्रा में लें।

### तुरंत सोना या लेटना

अक्सर लोग खाने के बाद तुरंत आराम करने के लिए लेट जाते हैं। खाने के बाद लेटने से पेट का एसिड भोजन के साथ ऊपर की ओर आ सकता है जिससे एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन और बदहजमी हो सकती है। आप इन समस्याओं से बचना चाहते हैं तो खाने के बाद कम से कम 30-40 मिनट तक बैठे रहें या हल्की वॉक करें।

### धूम्रपान करना



वैसे तो धूम्रपान करना ही सेहत के लिए नुकसानदायक होता है, लेकिन भोजन के तुरंत बाद धूम्रपान करना सेहत के लिए ज्यादा घातक हो सकता है। इससे निकोटिन का अवशोषण दोगुना हो जाता है, जिससे आंतों को नुकसान पहुंचता है और पाचन तंत्र कमजोर होता है। धूम्रपान पूरी तरह छोड़ना बेहतर है, लेकिन खासकर भोजन के एक घंटे पहले और बाद में न करें।

### व्यायाम


खाने के तुरंत बाद सामान्य गति से टहल सकते हैं, लेकिन व्यायाम करने के बारे में भी न सोचें। खाना खाने के बाद व्यायाम करना सेहत के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है। इससे उल्टी, मतली, पेट दर्द और पाचन से जुड़ी कई बड़ी समस्याएं झेलनी पड़ सकती है। अगर आप व्यायाम करना ही चाहते हैं तो भोजन के एक से डेढ़ घंटे बाद व्यायाम करें।

### नहाना

खाना खाने के तुरंत बाद नहाने से रक्त का प्रवाह बदल सकता है, जिससे पाचन क्रिया धीमी हो सकती है। खाने के बाद पाचन तंत्र सबसे ज्यादा एक्टिव होता है। लेकिन, आपके नहाने से शरीर का तापमान बदल जाता है और खाना ठीक से पच नहीं पाता है।

# हार्निया से पीड़ित था ये खिलाड़ी कहीं आप भी न हो जाएं शिकार?

गेंदबाज सुयश शर्मा दो साल तक हार्निया से पीड़ित थे, गुरुवार को टीम ने एक वीडियो जारी करके इसकी जानकारी दी है। वीडियो में सुयश ने हर्निया की समस्या से अपने लंबे संघर्ष के बारे में बताया। हर्निया तब होती है जब आपके पेट के अंदरूनी भाग का कोई हिस्सा किसी छिद्र से बाहर निकल जाता है या उस मांसपेशी या ऊतकों में कमजोरी आ जाती है। हर्निया धीरे-धीरे विकसित होता है। हार्निया की समस्या के कारण पेट में उभार हो सकता है। इसके कारण आपको खांसने-छींकने, झुकने या भारी चीजों को उठाने आदि के कारण दर्द बढ़ सकता है। डॉक्टर बताते हैं, ऐसी कई दैनिक गतिविधियां और चिकित्सा समस्याएं है जो पेट की दीवार पर दबाव बढ़ाती हैं जिससे भी हर्निया हो सकती है। सुयश से पहले कई अन्य सेलिब्रिटीज और खिलाड़ियों ने भी हार्निया की समस्या के बारे में बताया था। पेरिस ओलंपिक 2024 में भारत के लिए रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा भी इससे पीड़ित रह चुके हैं।



**क्यों होती है ये दिक्कत?**

हर्निया जन्मजात हो सकता है या उन लोगों में विकसित हो सकता है जिनके पेट की दीवार में कमजोरी होती है। कुछ प्रकार की गतिविधियां और चिकित्सा समस्याएं पेट की दीवार पर दबाव बढ़ाती हैं, जिसके कारण भी हर्निया हो सकती हैं। लंबे समय तक कब्ज के कारण अगर शौच करते समय बार-बार और अधिक जोर लगाना पड़ता है तो इसके कारण ये समस्या हो सकती है।

### धूम्रपान से दोबारा हर्निया होने की आशंका हो सकती है 20 गुना ज्यादा

*अध्ययनों से पता चलता है कि एक बार भले ही आप हार्निया से ठीक हो जाते हैं पर आपकी धूम्रपान की आदत है तो इससे दोबारा हर्निया होने की आशंका 20 गुना ज्यादा हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि निकोटिन व अन्य रसायन शरीर में कोलेजन (महत्वपूर्ण प्रोटीन) के उत्पादन को कम करते हैं। यह मांसपेशियों व ऊतकों को मजबूत बनाता है, इसमें पेट की दीवार भी शामिल है। कोलेजन कम होने से हर्निया की मरम्मत वाली जगह कमजोर हो जाती है और दोबारा हर्निया का खतरा बढ़ जाता है।*

### सर्जरी की होती है आवश्यकता


*स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हार्निया के कारण सभी लोगों में लक्षण नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। आमतौर पर इसमें पेट में गांठ या उभार दिखता है जो कुछ शारीरिक गतिविधियों के दौरान स्पष्ट नजर आता है। हर्निया के कारण पेट में दर्द या चुभन महसूस होती रह सकती है। पेट पर दबाव बढ़ने की स्थिति में दर्द और जटिलताएं अधिक महसूस हो सकती हैं। हर्निया के अधिकांश मामलों में सर्जरी की आवश्यकता होती है।*

### जन्मजात दोष को रोक नहीं सकते

*डॉक्टर कहते हैं, आप जन्मजात दोष को रोक नहीं सकते। हालांकि पेट की मांसपेशियों और ऊतकों पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिए कुछ उपायों को प्रयोग में लाया जा सकता है। स्वस्थ वजन बनाए रखना, आहार में हाई फाइबर वाले खाद्य पदार्थों को शामिल कराना आपके लिए फायदेमंद हो सकता है।*

# अस्पतालों में बढ़ रहे हैं आंखों में संक्रमण वाले मरीज

कई अस्पतालों में पिछले कुछ दिनों से आंखों में संक्रमण, दर्द-जलन, चुभन और लालिमा जैसी समस्या वाले मरीजों की संख्या काफी तेजी से बढ़ी है। प्राप्त हो रही जानकारियों के मुताबिक बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी उम्र के लोग इस तरह की दिक्कतों का शिकार देखे जा रहे हैं। आंखों की समस्या वाले रोगियों की संख्या में एक महीने में इजाफा हुआ है। डॉक्टर्स की मानें ते इसके लिए बढ़ती गर्मी एक वजह हो सकती है। 40 डिग्री और इससे अधिक के तापमान को संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए गंभीर दुष्प्रभावों वाला माना जाता रहा है, इसका आपकी आंखों पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ समीर कौशिक बताते हैं, बढ़ते तापमान ने आंखों से संबंधित समस्याओं के जोखिम को काफी बढ़ा दिया है। तापमान में बहुत बढ़ोतरी और कमी दोनों ही आंखों की सेहत को प्रभावित करने वाली हो सकती है। 40 से अधिक तापमान और गर्मी के कारण ड्राई आइज की समस्या बढ़ जाती है। पराबैंगनी (यूवी) किरणों के संपर्क में आने से कॉर्निया को नुकसान पहुंच सकता है और संभावित रूप से फोटोकेराटाइटिस (सनबर्न ऑफ आइज) की दिक्कत हो सकती है।



### मार्च से ही बढ़ने लगे हैं आंखों के मरीज

ग्रेटर नोएडा स्थित जिम्स से प्राप्त जानकारियों के मुताबिक अकेले मार्च में जिम्स अस्पताल में 750 पीड़ित लोग आंखों की समस्याओं के साथ पहुंचे, इनमें से ज्यादातर की उम्र 4 से 10 वर्ष की थी। तापमान में बढ़ोतरी के साथ अप्रैल-मई में आंखों में जलन और लालिमा की शिकायत के साथ बड़ी संख्या में मरीज अस्पतालों में पहुंच रहे है। डॉ. कृष्ण कुलदीप गुप्ता ने बताया कि 30 मार्च तक आंखों की समस्या से जूझ रहे मरीजों का आंकड़ा 2500 से अधिक हो गया, जिसमें से 750 मरीज आंखों में संक्रमण के शिकार थे।

# बीमारियों से बचे रहने के लिए ब्लड प्रेशर शुगर का लेवल कितना होना चाहिए?

शरीर को स्वस्थ और बीमारियों से मुक्त रखना चाहते हैं तो खान-पान और लाइफस्टाल को ठीक रखना सबसे जरूरी हो जाता है। इसके अलावा नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और शुगर की जांच भी करते रहना जरूरी है। दुनियाभर में तेजी से बढ़ती हृदय की बीमारियों-हार्ट अटैक और डायबिटीज के कारण होने वाली समस्याओं से बचे रहने के लिए कम उम्र से ही ब्लड प्रेशर-शुगर पर ध्यान देते रहना जरूरी हो गया है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों का ब्लड प्रेशर अक्सर बढ़ा हुआ रहता है उनमें हृदय रोग, हार्ट अटैक-स्ट्रोक, किडनी और तंत्रिकाओं की समस्या होने का खतरा रहता है। वहीं ब्लड शुगर बढ़ने के कारण आंखों-हार्ट की बीमारी, किडनी फेलियर जैसी जानलेवा समस्याएं हो सकती हैं। चूंकि कम उम्र के लोग, यहां तक कि 20 की उम्र से पहले के लोग भी इन समस्याओं से परेशान पाए जा रहे हैं, इसलिए इसपर ध्यान देना बहुत आवश्यक हो गया है।

**शुगर और बीपी रखें कंट्रोल**

डॉक्टर कहते हैं, अच्छी सेहत चाहते हैं तो ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर का सामान्य सीमा में होना अत्यंत आवश्यक है। अगर ये दोनों पैरामीटर संतुलित न हों, तो पूरे शरीर को प्रभावित कर सकती हैं। आज की तेज-रफ्तार जिंदगी में हाई ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर में असंतुलन गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं बन चुकी हैं। इसका सामान्य रेंज जानने से पहले ये जान लेना जरूरी है कि ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर है क्या?

**ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को समझिए**

ब्लड प्रेशर वह दबाव है जो आपके हृदय द्वारा रक्त को शरीर में पंप करने के दौरान धमनियों पर पड़ता है। इसे दो हिस्सों में बांटा गया है- जब दिल धड़कता है (सिस्टोलिक) और जब दिल आराम करता है (डायस्टोलिक) ब्लड प्रेशर होता है। इसी तरह से आपके खून में ग्लूकोज की मात्रा कितनी है, इस आधार पर ब्लड शुगर का स्तर मापा जाता है। आइए अब जानते हैं कि इन दोनों का सामान्य स्तर क्या है?

**सामान्य ब्लड प्रेशर कितना होना चाहिए?**


स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, ब्लड प्रेशर का स्तर 120/ 80 एमएमएचजी होना सामान्य माना जाता है। बीमारियों से बचने के लिए ये आदर्श पैमाना है। 130/80 एमएमएचजी से ऊपर के ब्लड प्रेशर को हाईपरटेंशन माना जाता है जो किडनी, हृदय, और मस्तिष्क को नुकसान पहुंचा सकती है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि जिन लोगों ने सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर को 120 एमएमएचजी तक नियंत्रित रखा, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 25% तक कम हो देखा गया है। लाइफस्टाइल और आहार को ठीक रखने वाले उपाय जैसे नियमित व्यायाम, नमक-चीनी का कम सेवन करके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखा जा सकता है।

# 50% लोगों में बिना खांसी-बलगम के हो रही है टीबी फेफड़े के अलावा इन अंगों में भी हो रहा संक्रमण



ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) रोग वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य के लिए गंभीर चिंता का कारण बना हुआ है। भारतीय आबादी में भी ये बीमारी तेजी से बढ़ रही है। भारत ने इस साल (2025) तक देश को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया था, हालांकि अब भी ये लक्ष्य काफी दूर नजर आ रहा है। टीबी एक गंभीर बीमारी है जो किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। भारत में वैसे तो व्यापक जागरूकता अभियानों के चलते टीबी के मामलों में काफी कमी आई है, लेकिन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए ये अब भी बड़ा दबाव बना हुआ है। 13 दिसंबर 2024 को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने लोकसभा में बताया- भारत में टीबी के मामलों की दर कम हुई है। साल 2015 में प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 237 लोगों को ये बीमारी थी जो 2023 में 17.7 प्रतिशत घटकर प्रति एक लाख की जनसंख्या पर 195 हो गई है। टीबी से होने वाली मौतों में भी 21.4 प्रतिशत की कमी आई है, जो 2015 में प्रति लाख जनसंख्या पर 28 से घटकर 2023 में प्रति लाख जनसंख्या पर 22 हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसे मरीजों का निदान किया जा रहा है जिनमें संक्रमण के कोई लक्षण नहीं होते हैं। जब उनकी इम्युनिटी कमजोर होने लगती है तो इसके स्पष्ट संकेत दिखने लगते हैं। आमतौर पर 15 दिन से अधिक समय तक खांसी, बलगम का आना टीबी के लक्षण माने जाते हैं, लेकिन बिना खांसी- बलगम के भी यह बीमारी को सकती है।

भिलाई बाजार



भिलाई शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिष
पं. सूर्य कुमार शर्मा माँ बगुला मुखि उपासक
फीस 251/-
माँ बगुला मुखी ज्योतिष कार्यालय
मो.: 8871250663

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कान में मिलेगा निकोल किडमैन को पुरस्कार, 'वूमेन इन मोशन' अवॉर्ड से सम्मानित होंगी एक्ट्रेस



**लॉस एंजिल्स।** निकोल किडमैन को यह अवॉर्ड दिया जाएगा, जिससे उनके फैंस बेहद खुश हैं। वूमन इन मोशन पुरस्कार उन महिलाओं को दिया जाता है, जो सिनेमा और समाज में महिलाओं की स्थिति को बेहतर बनाती हैं। पुरस्कार समारोह 18 मई को कान फेस्टिवल में होगा। किडमैन को महिला निर्देशकों के साथ काम करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए चुना गया है। उन्होंने 2017 में हर 18 महीने में एक महिला निर्देशक के साथ काम करने का वादा किया था और अब तक 20 से अधिक महिला निर्देशकों के साथ काम कर चुकी हैं। केरिंग के सीईओ फ्रेंकोइस-हेनरी पिनॉल्ट ने उनकी तारीफ की और कहा कि वह सिनेमा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का शानदार उदाहरण हैं। किडमैन ने इस सम्मान को ₹सच्चा सम्मान₹ बताया। वह जेन फोंडा, वियोला डेविस, मिशेल योह और सलमा हायेक जैसी हस्तियों की सूची में शामिल हो गई हैं। निकोल एक ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी अभिनेत्री और निर्माता हैं। निकोल किडमैन ने ऑस्ट्रेलिया में अपने करियर की शुरुआत 1983 की फिल्म 'बुश क्रिसमस' और 'बीएमएक्स बैंडिट्स' से की थी। निकोल 57 साल की हो चुकी है और अभी भी फिल्मों में सक्रिय हैं।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल ने साझा की 'वेव्स' की तस्वीरें एक फ्रेम में नजर आए ये दिग्गज सितारे



**मुंबई।** मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 1 मई, 2025 से वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स 2025) की शानदार शुरुआत हो चुकी है। यह समिट 1 से 4 मई तक चलेगा और इसका उद्देश्य भारत को वैश्विक कंटेंट निर्माण और मनोरंजन का केंद्र बनाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस आयोजन का उद्घाटन किया, जिसमें शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण, रजनीकांत, अक्षय कुमार जैसे कई बड़े सितारे शामिल हुए। इस बीच, मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल की एक्स पोस्ट ने लोगों का खासा ध्यान अपनी ओर खींचा है। मोहनलाल ने गुरुवार को अपने एक्स अकाउंट पर वेव्स समिट 2025 की कुछ तस्वीरें साझा कीं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में समिट का भव्य माहौल और सितारों की मौजूदगी साफ झलक रही है। इन तस्वीरों में उनके साथ रजनीकांत, हेमा मालिनी, चिरंजीवी, अक्षय कुमार और मिथुन नजर आ रहे हैं। इन तस्वीरों पर लोग तरह तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'लीजेंड्स और नेता वेव्स 2025 में एकजुट हुए...यह कितना प्रेरणादायक क्षण था।' एक अन्य यूजर ने लिखा, "गोट फ्रेम'। इसके अलावा बहुत से यूजर्स ने हार्ट इमोजी के साथ अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

### भोजपुरी

## गुरुदत्त की खोज थी ये अभिनेत्री, बॉलीवुड ही नहीं भोजपुरी में भी दिखाया अभिनय का जादू

अभिनेत्री का जन्म जैबुन्निसा के रूप में हुआ था, लेकिन वो कुमकुम नाम से सिनेमाई पर्दे पर मशहूर हुईं। 100 से अधिक फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री ने 'मदर इंडिया'और 'कोहिनूर'जैसी फिल्मों से काफी प्रसिद्धि पाई। हिंदी फिल्मों के अलावा कुमकुम ने भोजपुरी इंडस्ट्री में भी अपने अभिनय का जादू बिखेरा था। अभिनय की दुनिया में कदम रखने के बाद कुमकुम ने एक से बढ़कर एक फिल्में दीं। अपने करियर में



अभिनेत्री ने 100 से अधिक हिंदी फिल्मों में काम किया था। इन फिल्मों में से उनकी सबसे चर्चित फिल्म 'मदर इंडिया' रही, जो महबूब खान द्वारा निर्देशित की गई थी। इस फिल्म को फिल्मफेयर की तरफ से बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड भी मिला था। इसके अलावा अभिनेत्री की फिल्मों की बात करें तो कोहिनूर, नया दौर, गीत, ललकार, धमकी जैसी कई शानदार फिल्में हैं। अभिनेत्री ने कई दिग्गज कलाकारों के साथ काम किया था, जिनमें राजेश खन्ना, धर्मेंद्र जैसे कलाकार शामिल रहे। वहीं, आपको बताते चलें कि अभिनेत्री ने भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया था। उन्होंने साल 1962 में 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़इबो' में अभिनय किया था, जो उनकी पहली भोजपुरी फिल्म थी। इसके बाद अभिनेत्री ने कई और फिल्में बनाई, जिनमें 'बलमा बड़ा नादान, भौजी, गंगा जैसी फिल्में शामिल हैं। बताया जाता है कि अभिनेत्री ने सज्जाद अकबर खान से शादी के बाद अभिनय छोड़ा दिया था और अपने पति के साथ साल 1973 के करीब सऊदी अरब चली गई थी। इसके बाद लगभग 23 साल बाद वह साल 1995 में भारत लौटीं। कुमकुम ने अपने जीवन के अंतिम वर्षों में बहुत सादगी से जीवन बिताया। 28 जुलाई 2020 को 86 वर्ष की उम्र में अभिनेत्री का मुंबई में निधन हो गया था। उनके जाने से सिनेमा जगत ने एक प्रतिभाशाली कलाकार, अदाकारा और नृत्यांगना को खो दिया।

लाइफ



### पंजाबी सूट से मिलेगा देसी कुड़ी लुक

सूट स्टिचिंग के स्टाइल तो कई तरह के होते हैं लेकिन पंजाबी सूट की बात ही कुछ अलग है। प्रॉपर देसी कुड़ी लुक चाहिए तो पंजाबी सूट आपके वॉर्डरोब में होने ही चाहिए। पंजाबी सूट भी कई तरह के होते हैं, जो ना सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि बेहद कंफर्टेबल भी होते हैं।गर्मियों के लिए आप कॉटन का ए लाइन कुर्ता विद प्लाजो स्टिच करा सकती हैं। ये भी प्रॉपर पंजाबी लुक देते हैं। समर्स के लिए ये परफेक्ट हैं क्योंकि इनका ढीला फिट काफी कंफर्टेबल फील होता है। पंजाबी सूट को खास बनाती हैं इसकी घेरदार सलवार और सूट। ये प्रॉपर देसी लुक देते हैं और काफी कंफर्टेबल भी होते हैं। डेली वियर हो या कोई खास ऑकेजन आप हर मौके के लिए ऐसे सूट सेट स्टिच करा सकती हैं।

## इन अभिनेत्रियों के चिकनकारी कुर्ते हैं गर्मियों के लिए बिल्कुल परफेक्ट

चिकनकारी लखनऊ की गलियों से निकली सदियों पुरानी कढ़ाई तकनीक है जो कपड़ों पर उतर जाए तो खूबसूरती को बढ़ा देती है। इसमें मुख्य रूप से फूलों और पैस्ले पैटर्न के जटिल डिजाइन शामिल हैं। चिकनकारी कढ़ाई को मलमल, लिनन और कॉटन जैसे हल्के कपड़ों पर सफेद धागे से सिला जाता है। गर्मियों के लिए यह बिल्कुल परफेक्ट होती है, जो हवादार कपड़ों पर कढ़ाई के जरिए सुंदर डिजाइन, सहजता और आराम को शामिल करती है। चिकनकारी कुर्ता गर्मी के मौसम के लिए आदर्श विकल्प भी है।

चिकनकारी को पहली बार मुगल काल के दौरान पेश किया गया, तब से इसका आकर्षण सदी-दर-सदी बढ़ा और यह फैशन सौंदर्य का बेहतरीन हिस्सा बन गई। खूबसूरत चिकनकारी कुर्ता बॉलीवुड सेलेब्स के बीच भी काफी लोकप्रिय है। कई मौकों पर सेलेब्स को चिकनकारी सूट में देखा जाता है। ये उनके वार्डरोब का हिस्सा है। इस गर्मी के मौसम में अगर आप भी सहजता, आराम और फैशन को अपनाना चाहते हैं तो बॉलीवुड अभिनेत्रियों के चिकनकारी सूट को अपने वार्डरोब का हिस्सा बनाएं।



**खुशी कपूर:** खुशी कपूर का यह लैवेंडर कलर चिकनकारी कुर्ता गर्मियों के फैशन के लिए एक नया चलन लेकर आया है। इस तरह के रंग गर्मियों में खूबसूरत लगते हैं। वहीं चिकनकारी कढ़ाई वाले इस लंबे कुर्ते के साथ हैवी फ्लेयर्ड शरारा शानदार को-ऑर्ड सेट बन सकता है।


**अनुष्का सेन:** गर्मियों में डेनिम पैंट्स के साथ शार्ट चिकनकारी कुर्ती को पेयर कर सकते हैं। कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए शार्ट चिकनकारी कुर्ती स्टाइलिश और कैजुअल लुक का मिश्रण होती है।

**रुबीना दिलैक:** टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक के पास चिकनकारी कुर्ता का क्लासिक कलेक्शन है। इसमें यह लंबा फुल चिकनकारी वर्क कुर्ता और साथ में मैचिंग प्लाजो या स्कर्ट का मिलान कर सकते हैं। इस तरह का चिकनकारी कुर्ता सेट गजब का लुक देता है और इस मौसम की गर्माहट से राहत व सुकून भी देता है।

**मौनी राय:** पारंपरिक शैली को अपनाते हुए किसी दूसरे रंग के कुर्ता पर सफेद धागों की चिकनकारी कढ़ाई वाले कुर्ता से खुद को स्टाइल कर सकते हैं। इस तरह के कुर्ता में कढ़ाई हाइलाइट होती है। साथ ही चिकनकारी प्लाजो के साथ इसे पेयर करने से लुक अधिक आकर्षक लगेगा।

## गर्मी में नहीं बिगड़ेगा मेकअप जान लें स्वेट प्रूफ मेकअप

हर लड़की मेकअप करना पसंद करती है। लेकिन, जब बात गर्मी में मेकअप की आती है तो ये किसी चैलेंज से कम नहीं लगता। दरअसल, गर्मी के मौसम में इतना अधिक पसीना आता है कि सारा मेकअप कुछ देर में ही खराब हो जाता है और चेहरा पैची और अनइवन दिखने लगता है। अगर आप भी ऐसी समस्याओं से जूझ रही हैं तो कुछ ट्रिक्स को जान लेना जरूरी है। अगर आप चाहती हैं कि गर्मी और उमस में भी आपका मेकअप लंबे समय तक टिका रहे और फ्रेश दिखे, तो आपको मेकअप और स्किनकेयर के कुछ खास स्टेप्स को फॉलो करना होगा। आइए जानते हैं ये असरदार टिप्स, जिनसे आप गर्मियों में भी पा सकती हैं एक क्लीन और स्वेट प्रूफ लुक।



**गर्मी में मेकअप को प्रोटेक्ट करने के तरीके**

### बर्फ वाले पानी में चेहरा डुबोएं

बर्फ वाले पानी में चेहरा डुबोना कोई ट्रेंड नहीं, बल्कि एक इफेक्टिव स्किन प्रेप तरीका है। यह चेहरे के पोर्स को टाइट करता है और स्किन को फर्म बनाता है, जिससे मेकअप ज्यादा देर तक टिका रहता है। सुबह के समय कुछ सेकंड्स के लिए बर्फ वाले पानी में अपना चेहरा डुबोएं। यह मेकअप को पैची और ब्लॉची होने से रोकता है।

### लाइटवेट स्किनकेयर प्रोडक्ट्स का करें इस्तेमाल

गर्मियों में भारी और ऑयली स्किनकेयर प्रोडक्ट्स से बचें। इसके बजाय विटामिन सी और नायसिनामाइड जैसे इंग्रेडिएंट्स वाले हल्के फॉर्मूलेशन चुनें। जेल बेस्ड मॉइस्चराइज़र और मैटीफाइंग सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। मॉइस्चराइज़र और सीपीएफ को पूरी तरह स्किन में समा जाने दें और मेकअप शुरू करने से पहले कुछ मिनट का अंतर रखें।

### कम मात्रा में लगाएं फाउंडेशन

गर्मियों में हेवी फाउंडेशन से मेकअप जल्दी खराब होता है। इसके बजाय कुछ बूंदें लाइटवेट सीरम फाउंडेशन या बीबी क्रीम की लगाएं। यह त्वचा को सांस लेने देता है और पसीने से मेकअप के बहने या क्रैक होने की संभावना को कम करता है।

### स्मज-प्रूफ मेकअप प्रोडक्ट्स चुनें

आईलाइनर, काजल, मस्कारा से लेकर हाइलाइटर और कंटूर तक, सभी मेकअप प्रोडक्ट्स स्मज-प्रूफ होने चाहिए। ये प्रोडक्ट्स स्किन की चिकनाई को कंट्रोल करते हैं और लंबे समय तक टिके रहते हैं, जिससे चेहरा गहरा या गंदा नहीं दिखता।

### प्राइमर लगाना न भूलें

बहुत सी महिलाएं सीधे फाउंडेशन लगाना शुरू कर देती हैं, लेकिन गर्मियों में एक अच्छा मैटीफाइंग प्राइमर स्किन को पसीने और मेकअप मेल्टिंग से बचाता है। यह फाउंडेशन और स्किन के बीच एक प्रोटेक्टिव लेयर बनाता है और मेकअप को ज्यादा देर तक टिकाए रखता है। अगर आप गर्मी और उमस के मौसम में भी फ्रेश और खूबसूरत दिखना चाहती हैं, तो इन 5 पसीना-रोधी मेकअप टिप्स को ज़रूर अपनाएं। सही स्किनकेयर से लेकर प्रोडक्ट्स के चुनाव तक, थोड़ी सी सावधानी आपको एक परफेक्ट और लॉन्ग-लास्टिंग समर लुक दे सकती है।

## घनी और खूबसूरत पलकों के लिए अपनाएं ये प्राकृतिक तरीके

घनी, लंबी और खूबसूरत पलकें चेहरे की खूबसूरती और आंखों को अधिक आकर्षक बना देती हैं। इसके लिए लड़कियां नकली आईलैशेस का उपयोग करती हैं। बाजार में केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स भी मौजूद हैं जो पलकों को घनी व लंबी दिखाने में काम आते हैं। हालांकि, प्राकृतिक रूप से आईलैशेस को घना और लंबा बनाया जा सकता है। इससे पलक मजबूत भी होती हैं और न ही प्राकृतिक घरेलू नुस्खों के कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होते हैं। इन घरेलू नुस्खों को अपनाकर कुछ हफ्तों में आपको फर्क देखने को मिल सकता है। आइए जानते हैं पलकों को नेचुरल तरीके से खूबसूरत बनाने के लिए घरेलू नुस्खों के बारे में।



**नारियल तेल:** रात को सोने से पहले एक साफ कॉटन बड या उंगली की मदद से हल्का गर्म नारियल तेल पलकों की जड़ों में लगाएं। नारियल तेल में फैटी एसिड और विटामिन E होते हैं जो पलकों को पोषण देकर उन्हें घना और मजबूत बनाते हैं।

**एलोवेरा जेल:** ताजा एलोवेरा जेल निकालकर पलकों की जड़ों में हल्के हाथों से लगाएं और रात भर छोड़ दें। एलोवेरा में विटामिन ए, सी और ई होते हैं जो पलकों को मॉइस्चराइज कर उन्हें लंबा और घना बनाते हैं।

**ग्रीन टी:** ग्रीन टी को ठंडा कर कॉटन बॉल की मदद से पलकों पर लगाएं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट बालों की ग्रोथ को तेज करते हैं और पलकों को मजबूत बनाते हैं।

**अरंडी का तेल:** कॉटन बड या साफ मस्कारा ब्रश से हल्का अरंडी का तेल पलकों पर लगाएं। इसमें मौजूद रिसिनोलिक एसिड बालों की ग्रोथ को बढ़ाता है और झड़ने से रोकता है।

## झुर्रियां, टैनिंग की समस्या को चुटकी में करें दूर, ऐसे लगाएं चावल का पानी

आजकल काफी महिलाएं कम उम्र में चेहरे पर झुर्रियां, झाइयों, पिगमेंटेशन, मुंहासों, एक्ने के कारण हुए दाग-धब्बों से परेशान रहती हैं। इन सभी समस्याओं के कारण चेहरा काफी भद्दा दिखने लगता है। आप कई तरह के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स भी अप्लाई करती होंगी, लेकिन पॉजिटिव रिजल्ट नहीं नजर आता है तो निराशा ही होती है। चलिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं और ना ही बाहर के महंगे स्किन केयर प्रोडक्ट्स लगाने की। आपको चाहिए बस चावल का पानी। हर दिन आप खाने के लिए चावल बनाती होंगी। जिस पानी में चावल को धोती हैं, उस पानी को आप फेंक देती होंगी, अब से ऐसा न करें। ये चावल का पानी आपकी कई समस्याओं को दूर करने का दावा करता है। आजकल राइस वॉटर टोनर भी मार्केट में मिल जाता है। आप स्किन पर राइस वॉटर टोनर भी अप्लाई कर सकती हैं, वह भी खुद घर पर बनाकर। चावल से बने टोनर को अप्लाई करने के बाद स्किन संबंधित कई तरह की समस्याएं दूर हो सकती हैं।

### दाग-धब्बे भी होते हैं कम

चावल का टोनर लगाने से धूप के कारण होने वाली स्किन टैनिंग, सनबर्न आदि कम होने लगता है। इसके लिए आपको



हर दिन इस घर में बने टोनर का इस्तेमाल करना होगा। कम उम्र में ही बढ़ती उम्र के लक्षणों को रोकने में कारगर है चावल के पानी से बना टोनर। इससे दाग-धब्बे भी कम होते हैं।एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर होता है चावल का पानी। त्वचा पर जब आप चावल का पानी अप्लाई करेंगी तो एक्सेस ऑयल निकलता है। इसमें कई तरह के विटामिंस जैसे विटामिन ई, सी, बी भी होते हैं जो स्किन को निखारते हैं। माथे पर नजर आने वाली महीन लाइंस भी गायब हो जाती हैं।

### चावल का पानी कैसे करें यूज

आप चावल दो तीन बार बिल्कुल साफ पानी से साफ कर लें। इस पानी को फेंके नहीं. सबसे पहले चेहरे को पानी या हर्बल साबुन से साफ कर लें। अब कॉटन पैड की मदद से चेहरे पर चावल का पानी अप्लाई करके कुछ देर के लिए सूखने दें। फिर चेहरे को साफ पानी से धो लें। इसे रेगुलर लगाने से स्किन ग्लो भी करेगी और धूप के कारण टैनिंग की समस्या भी कम होगी।

कार्नर न्यूज

### आज की फैशन दुनिया में कांट्रास्ट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है

## मैचिंग ब्लाउज का गया जमाना, जानें किस रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज जचेगा ?

एक समय था, जब हर साड़ी के साथ बिल्कुल मैचिंग ब्लाउज पहनना ही ट्रेंड होता था। लेकिन अब समय बदल गया है। आज की फैशन दुनिया में कांट्रास्ट और एक्सपेरिमेंट का जमाना है। यही वजह है कि महिलाएं आज के समय में मैचिंग की जगह अलग स्टाइल से अपने कपड़ों का कांट्रास्ट करती है। खासतौर पर यदि बात की जाए साड़ी की तो स्टाइलिश लुक के लिए साड़ी और ब्लाउज के रंगों का कंट्रास्ट में खेल, एक सिंपल आउटफिट को भी ग्लैमरस बना सकता है। इसी के चलचे हम आपको यहां ये बताने जा रहे हैं, कि कौन से रंग की साड़ी के साथ कौन सा ब्लाउज अच्छा लगता है। ताकि आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकें।



### पीली साड़ी

पीली रंग की साड़ी के साथ यदि आप पीला ब्लाउज पहनेंगी तो आपका लुक अजीब दिख सकता है। इसके साथ आप पीले रंग की जगह रॉयल ब्लू, मरून, ऑरेंज का ब्लउज पहनें। इसके साथ हरा ब्लाउज भी अच्छा दिखेगा। रॉयल ब्लू या मिरर वर्क वाला ब्लाउज लुक को फेस्टिव बना देता है।

### नीली साड़ी

नीले रंग की साड़ी के साथ नीला ब्लाउज पहनने से हो सकता है कि आपका लुक अच्छा न दिखे। नीले ब्लाउज के अलावा आप लाल, सिल्वर, पिंक या मस्टर्ड रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं। इससे आपका लुक अच्छा दिखेगा।

### लाल साड़ी

यदि आप लाल साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ लाल रंग का ब्लाउज न पहनें। इसके साथ यदि आप गोल्डन, ग्रीन या फिर ब्लैक रंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। गोल्डन सीक्विन या कटवर्क ब्लाउज शादी या पार्टी के लिए परफेक्ट है।

### हरी साड़ी

हरा रंग देखने में काफी खूबसूरत लगता है, लेकिन इससे मैचिंग का ब्लाउज यदि आप पहनेंगी तो इससे साड़ी का लुक देखने में अच्छा लगेगा। मैचिंग के अलावा आप इसके साथ रेड, येलो या गोल्डन रंग का ब्लाउज कैरी कर सकती हैं।

### काली साड़ी

यदि आप काले रंग की साड़ी पहन रही हैं तो उसके साथ काला ब्लाउज न पहनें। काले रंग की साड़ी के साथ हमेशा गोल्डन, रेड, मिरर वर्क का सिल्वर ब्लाउज अच्छा दिखता है। इसके साथ ज्वेलरी भी अलग रंग की ही पहनें, वरना आपका लुक बिगड़ जाएगा।

### गुलाबी साड़ी

गुलाबी रंग ज्यादातर महिलाओं को पसंद होता है, लेकिन यदि आप इस रंग की साड़ी के साथ मैचिंग का ब्लाउज पहनेंगी तो इस रंग का लुक भी खराब हो सकता है। ऐसे में आप इसके साथ पर्पल, मिंट ग्रीन, व्हाइट रंग का ब्लाउज कैरी करें, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।